दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 02 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 314 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# आंध्र प्रदेश: वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़, 10 लोगों की मौत

## लाखों की भीड़, पुलिस- प्रशासन को भनक तक नहीं



**विजयवाड़ा:** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। कुछ ही घंटों में मंदिर में हजारों लोग पहुंच चुके थे। मंदिर के सकरे प्रवेश द्वार से ही बाहर आने और अंदर जाने का रास्ता था। भीड़ जिस तेजी से बढ़ रही थी, भक्त उस स्पीड से बाहर नहीं निकल जा रहे थे। 11 बजे तक मंदिर में वह हाल हुआ कि सिर्फ भीड़ ही नजर आ रही थी। जन सैलाब से उमड़ आया था। अचानक रेलिंग टूटी और श्रद्धालु नीचे गिरने लगे। लोग जान बचाने को भागे और भगदड़ मच गई।

अधिकारियों का मानना है कि भीड़ प्रबंधन में लापरवाही, सुरक्षा योजना का अभाव, चल रहा निर्माण कार्य और आधिकारिक मंजूरी का अभाव, ये सब मिलकर इस त्रासदी का कारण बने।

### आंध्र प्रदेश मंदिर हादसा कैसे हुआ?

- भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई।
- मंदिर में प्रवेश करने के लिए एक साथ आगे बढ़ने की होड़ में कई श्रद्धालु बेहोश हो गए।
- प्रवेश और निकास द्वार एक ही थे, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई और अफरा-तफरी और बढ़ गई।
- जिस जगह पर तीर्थयात्री इकट्ठा हुए थे, वहां निमार्णाधीन था, जिससे आवाजाही के लिए जगह कम हो गई और भीड़ और बढ़ गई।

### नहीं ली गई थी परमिशन

- मंदिर एक निजी तीर्थस्थल था, जो धर्मस्व विभाग के तहत पंजीकृत नहीं था।
- कार्यक्रम आयोजकों ने इतनी बड़ी भीड़ के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी।
- राज्य सरकार को इस कार्यक्रम के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर मंदिर में हुई भगदड़ में हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए शीघ्र और उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# पीएम ने 14 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के न्यू रायपुर में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी 14,260 करोड़ रुपये से अधिक की विकासात्मक और परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैंने भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य गठन से पहले का दौर भी देखा है। बीते 25 साल में सफर का साक्षी भी रहा हूं। इसलिए इस गौरवशाली पल का हिस्सा बनना मेरे लिए भी अद्भुत अनुभूति है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 25 साल की यात्रा हमने पूरी की है। 25 साल का कालखंड पूरा हुआ है। आज अगले 25 साल के नए युग का सूर्योदय हो रहा है। 25 साल पहले अटल जी की सरकार ने आपके सपनों का छत्तीसगढ़ आपको सौंपा था, साथ ही ये संकल्प भी लिया था कि छत्तीसगढ़ विकास की नई बुलंदी छूएगा। छत्तीसगढ़ आज विकास के पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**14 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज भी छत्तीसगढ़ को लोकतंत्र



का नया मंदिर और नया विधानसभा भवन मिला है। यहां आने से पहले भी मुझे आदिवासी संग्रहालय के लोकार्पण करने का अवसर मिला। इस मंच से भी लगभग 14 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इन विकास कार्यों के लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा का इतिहास अपने आप में प्रेरणास्रोत है। 2000 में जब इस सुंदर राज्य की स्थापना हुई, तो पहली विधानसभा की बैठक राजकुमार कॉलेज, रायपुर के जसपुर हॉल में हुई थी। वो समय सीमित संसाधनों का तो था, लेकिन असीम सपनों का था। बाद में विधानसभा का जो भवन तैयार हुआ, वो भी पहले किसी दूसरे विभाग का परिसर था। वहीं से छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र की यात्रा नई ऊर्जा के साथ प्रारंभ हुई और आज 25 वर्षों के बाद वही लोकतंत्र, वही जनता, एक आधुनिक, डिजिटल और आत्मनिर्भर विधानसभा के भवन का उद्घाटन कर रही है।

**स्वप्न के नए शिखर पर खड़ा है छत्तीसगढ़ :** पीएम ने कहा, आज छत्तीसगढ़ अपने स्वप्न के नए शिखर पर खड़ा है। इस गौरवशाली क्षण में, मैं उस महापुरुष को नमन करता हूं, जिनकी दूरदृष्टि और करुणा ने इस राज्य की स्थापना की। वो महापुरुष हैं- भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी। साल 2000 में जब अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया।

# तीन मंजिला इमारत में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

## आग लगने की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर से दो फायर टैंकर मौके पर पहुंचे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** मुरादनगर क्षेत्र में विजय मंडी कस्बा रोड स्थित गणपति हाईटेक डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लिमिटेड की तीन मंजिला इमारत में शनिवार शाम भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर से दो फायर टैंकर मौके पर पहुंचाए गए। शोरूम के ग्राउंड फ्लोर पर अचानक आग भड़क उठी, जिसके बाद आग तेजी से फैलते हुए फर्स्ट फ्लोर और ऊपरी मंज़िल तक पहुंच गई। आग की तेजी को देखते हुए अतिरिक्त सहायता के लिए फायर स्टेशन वैशाली और फायर स्टेशन कोतवाली से एक-एक टैंकर और बुलाया गया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि फायर कर्मियों ने लगभग कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग इतनी भयावह थी कि शोरूम में मौजूद तीन स्कूटी और एक बाइक तथा अन्य सामान जलकर राख हो गया।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फायर अधिकारियों के अनुसार इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शोरूम के मालिक जितेन्द्र गोयल ने बताया कि आग लगने के दौरान परिसर में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

## 30 नवंबर तक चलने वाले यातायात माह का हुआ शुभारंभ

# गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस 3ई-मॉडल पर चलाएगी अभियान

### - जागरूकता, रोड इंजीनियरिंग और एंक्रोचमेंट पर होगा काम

### - एडिशनल कमिश्नर केशव चौधरी और आलोक प्रियदर्शी ने किया यातायात माह का शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नवंबर माह में 30 दिनों तक चलने वाले यातायात माह का शुभारंभ शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लाइन में किया गया।

एडिशनल सीपी केशव चौधरी, आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन सहित सभी यातायात निरीक्षक और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल व समाजसेवी अजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर परिवहन विभाग और ट्रांसपोर्टर संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। यातायात माह का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसके बाद 35 आधुनिक पुलिस के दोपहिया और पांच चौपाइया वाहनों के साथ जागरूकता रैली निकल गई। यह रैली हापुड़ चुंगी होते हुए प्रमुख इलाकों से निकाली गई।

इस दौरान एडीसीपी ट्रैफिक और डीसीपी द्वारा हापुड़ चुंगी पर यातायात सुरक्षा माह के तहत लोगों को निशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए।









एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने बताया है कि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना। नागरिकों को सुरक्षित एवं ड्राइविंग की आदत, तकनीक और इंजीनियरिंग सुधार के साथ यात्रा अनुशासन मजबूत करना है।

## जब एडिशनल सीपी ने दिलाया याद, ऐ भाई! जरा देखकर चलो





करंट क्राइम : यातायात माह के शुभारंभ अवसर पर एडिशनल सीपी ने याद दिलाया कि ए भाई जरा देखकर चलो। दाएं भी, बाय भी, ऊपर भी और नीचे भी,आगे भी पीछे भी। फिल्म के इस गाने को बताते हुए एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने सभी से अपील की है कि यातायात माह के दौरान वह हेलमेट का इस्तेमाल करें, स्पीड लिमिट में रहें। तो वहीं दोपहिया वाहनों पर ट्रिपलिंग ना करें, गलत दिशा में वाहन ना चलाएं, विपरीत दिशा में वाहन ना लेकर जाएं ,नो पार्किंग में वाहन न खड़े करें। मोबाइल का प्रयोग ना करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं। बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन नहीं चलाएं। प्रेशर, होरन, सायरन का इस्तेमाल न करें। ब्लैक फिल्म से दूरी बनाकर रखें, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का ही इस्तेमाल करें। वायु प्रदूषण रोकने के लिए समय-समय पर वाहनों की प्रदूषण की जांच भी अवश्य करवाएं।

## स्कूलों, बाजारों, मॉल और कार्यालयों में चलेगा विस्तृत अभियान : डीसीपी ट्रैफिक



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने जानकारी दी है कि यातायात माह के दौरान प्रमुख अभियान चलाए जाएंगे। इस दौरान प्रचार प्रसार के लिए स्कूलों, कॉलेजों, चौराहों पर यातायात प्रबंधन से लेकर चित्रकला प्रतियोगिता और क्वीज कंपटीशन आयोजित किए जाएंगे। तो वहीं सिनेमा हॉल में भी इस जागरूकता अभियान को फैलाया जाएगा। बस ,ट्रक, ऑटो, ट्रैक्टर मालिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही इस दौरान उन्होंने कहा है कि गोल्डन ऑवर्स का भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही लोगों को अलग-अलग नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम भी कराए जाएंगे।



## सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने कर दी यातायात पुलिसकर्मियों के लिए बड़ी घोषणा



करंट क्राइम : पुलिस लाइन में यातायात माह के शुभारंभ अवसर पर सिविल डिफेंस के चीफ वार्ड ललित जायसवाल भी अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने न सिर्फ मंच साझा किया बल्कि इस दौरान उन्होंने मंच से घोषणा कर दी, उन्होंने पुलिस के अधिकारियों से कहा है कि वह सहयोग देंगे, साथ देंगे। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस के लोगों की आवश्यकता पड़ेगी तो ट्रैफिक नियम समझाने और उसका पालन कराने के लिए अपने वॉलिंटियर्स को भी उतरेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यातायात पुलिस अगर कोई बड़ा स्वास्थ्य कैंप या किसी यातायात पुलिस कर्मी को किसी प्रकार की मेडिकल सुविधा फ्री करवाना चाहती है या आवश्यकता होगी तो उसमें भी सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन पीछे नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने यातायात माह को सफल बनाने के लिए उनके ओर से जो भी मदद पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मांगेंगे देने की घोषणा की है।

## 50 लाख लोगों को जागरूक करेगी ट्रैफिक पुलिस

करंट क्राइम : गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के एडीसीपी सचिदानंद ने कहा है कि गाजियाबाद पुलिस लोगों को 3ई- मॉडल यानी एजुकेशन, रोड इंजीनियरिंग और एंक्रोचमेंट का पाठ पढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे जागरूकता की कमी से होते हैं, इसके लिए एजुकेशन आवश्यक है। तो उन्होंने कहा रोड इंजीनियरिंग ठीक ना होने की वजह से भी बड़ी संख्या में हादसे होते हैं। वहीं एंक्रोचमेंट भी एक बड़ी बाधक है, जो ट्रैफिक संचालक और सड़क हादसों में बाधा बनता है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में यातायात पुलिस कई तरीके के अभियान और लोगों के सुझाव लेकर इसे और बेहतर बनाने का काम करेगी। इस मौके पर यातायात निरीक्षक संतोष सिंह, अजय कुमार, मनोज, जेएस पाठक, राजकुमार, बीपी गुप्ता सहित प्रमुख पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़, 10 लोगों की मौत

## मुख्यमंत्री नायडू ने जताया दुख, दिए राहत के निर्देश






**श्रीकाकुलम।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को हुई भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। भगदड़ के पीछे की वजह एकादशी के मौके पर हुई भारी भीड़ को बताया जा रहा है।

जानकारी मुताबिक, शनिवार को वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची थी। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार के पास अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। सूत्रों के अनुसार, घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

काशीबुग्गा सब डिवीजन के डीएसपी लक्ष्मण राव ने बताया कि, काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर मंदिर में सुबह करीब 11.30 बजे भगदड़ मच गई और 10 लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक :** घटना पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुख व्यक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पोस्ट किया, श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ की घटना दुखद है। इस दुखद घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यंत हृदयविदारक है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने अधिकारियों को घायलों को शीघ्र और उचित उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मैंने स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे घटनास्थल का दौरा करें और राहत कार्यों का निरीक्षण करें।

भगदड़ के कई वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दे रही है। भारी भीड में कई महिलाएं, बच्चें और बुजुर्ग बुरी तरह से दबे नजर आ रहे हैं।



### सीएमओ ने जारी किया बयान

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबि, श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब एकादशी के अवसर पर मंदिर में भारी भीड़ जमा हुई थी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण भीड़ बढ़ गई, जिससे अचानक भगदड़ मच गई। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची। राज्य के कृषि मंत्री के. अत्चन्नायडू तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचे है। उन्होंने घटना की जानकारी जुटाने के लिए मंदिर के अधिकारियों से बात की। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का किया एलान; विपक्ष ने सरकार से पूछे सवाल









**श्रीकाकुलम।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार के पास अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। हादसे के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने किया शोक व्यक्त

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई लोगों की जान जाना अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई भगदड़ की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई भगदड़ की घटना से अत्यंत व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि घायल श्रद्धालु जल्द स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने आधिकारिक बयान में कहा श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ की यह घटना अत्यंत दुखद है। श्रद्धालुओं की मृत्यु हृदयविदारक है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री नायडू ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी घायलों को शीघ्र और उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने को कहा है।

गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी इस दर्दनाक हादसे पर शोक जताते हुए कहा आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की मृत्यु से मैं गहरा दुखी हूं।

## 'ये चुनाव विधायक चुनने का नहीं...', राजद पर बरसे अमित शाह; संबोधन में 34 नरसंहारों का भी जिक्र

**गोपालगंज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोपालगंज में वर्चुअली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया। अपने भाषण में शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया।

करीब 8 मिनट के अपने भाषण में अमित शाह ने कहा कि पीएम ने बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू करने का काम किया है। बिहार की बाकी बंद पड़ी चीनी मिल को अगले 5 साल में चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव विधायक चुनने का नहीं है। ये चुनाव बिहार का भविष्य तय करने का है। बिहार किसके हाथ में रहेगा। जिन्होंने वर्षों तक बिहार में जंगलराज थोपा उसके या नरेंद्र जी और नीतीश जी के नेतृत्व में जो बिहार का विकास हुआ उसे चुनेगा।

शाह ने कहा कि साधु यादव के कारनामे गोपालगंज वालों से ज्यादा किसको मालूम हैं। जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। जिसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है।



**नालंदा में याद दिलाया था नरसंहार :** इससे पहले 30 अक्तूबर को शाह बिहार के बेगूसराय, लखीसराय और नालंदा में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। लखीसराय में उन्होंने डिप्टी उट विजय सिन्हा के लिए लोगों से वोट की अपील की थी। मुंगेर में उन्होंने डिप्टी उट सम्राट चौधरी के लिए वोट मांगे थे। इस दौरान शाह ने कहा, मुंगेर वालों यहां से बीजेपी के कैंडिडेट सम्राट चौधरी को जिताइए। मोदी जी इन्हें बहुत बड़ा आदमी बनाएंगे।

वहीं, नालंदा में अमित शाह ने कहा कि ये चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं हैं। ये चुनाव उस 'जंगलराज' को रोकने के लिए हैं, जो अपना वेष बदलकर आएगा। लालू-राबड़ी के शासन में 38 नरसंहार हुए। नालंदा के कई लोग मौत के घाट उतरे गए थे। किडनैपिंग, हत्या, लूट जैसे गैरकानूनी काम होते थे। लेकिन नीतीश ने इस धंधे पर रोक लगा दिया और लालू के आतंक को समाप्त कर दिया।

## सियासी घमासान: एलजी सिन्हा बोले- स्टेटहुड न होना खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं, मुख्यमंत्री उमर ने किया पलटवार

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार के पास सभी अधिकार हैं। लिहाजा राज्य का दर्जा नहीं मिलने को खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं बनाया जा सकता। एसकेआईसीसी में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद में कह चुके हैं कि पहले परिसीमन, फिर विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। पर, कुछ लोगों को कुछ समस्याएं हैं। जब चुनाव हुए तो यह स्पष्ट था कि चुनाव केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के लिए हो रहे हैं। वे (निर्वाचित सरकार) यह बहाना नहीं बना सकते कि राज्य का दर्जा बहाल होने तक काम नहीं किया जा सकता।





ये लोग राज्य के दर्जे से इतना डरते क्यों हैं : उमर

**सरकार शक्तियों का इस्तेमाल जनकल्याण के लिए करे :** एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि निर्वाचित सरकार के पास सभी अधिकार हैं और राज्य का दर्जा न होने के बहाने लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को अपनी शक्तियों का इस्तेमाल लोगों की भलाई के लिए करना चाहिए।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला व नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने एलजी के बयान पर कड़ा पलटवार किया है। उमर ने कहा, एलजी को कम से कम सुप्रीम कोर्ट और संसद में जम्मू कश्मीर के लोगों से किए गए वादे के बारे में तो बात करनी चाहिए। उमर ने कहा, 90 विधायकों में से एक या दो को छोड़कर सभी ने राज्य के दर्जे के नाम पर वोट मांगे।

एलजी पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, ये लोग राज्य के दर्जे से इतना क्यों डरते हैं? वे सत्ता क्यों नहीं छोड़ना चाहते? पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमारे 26 मेहमान मारे गए और हमें काम करने की सलाह दी गई है। हम काम करना जानते हैं। आप अपना काम करें, हम अपना करेंगे।

**'मैं इंतजार करूंगा... पर सही समय का पैमाना क्या है?' :** सीएम ने कहा, बताइए हमें कब तक इंतजार करना चाहिए? हमें बताया गया है कि इसे उचित समय पर बहाल कर दिया जाएगा। ठीक है... में इंतजार करूंगा, लेकिन मुझे बताइए कि सही समय का आकलन करने का पैमाना क्या है। हम उचित समय का आकलन कैसे करें? बहाली के नियम और शर्तें स्पष्ट होनी चाहिए ताकि हमारी सरकार को पता चले कि हमें इसके लिए क्या करना चाहिए। एक मुख्यमंत्री के रूप में मुझे पता होना चाहिए कि यही वह मील का पत्थर या लक्ष्य है जिसे हमें प्राप्त करना है।

**झूठ बोलते हैं एलजी : फारुक -** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने एलजी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। डॉ. फारूक ने कहा कि एलजी झूठ बोलते हैं। वह कभी सच नहीं बोलते हैं। आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के जरिए उन्होंने पूरा नियंत्रण कर रखा है। एक भी फाइल पास नहीं करते हैं।

## जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर दिल्लीवासी

### वायु गुणवत्ता सूचकांक 275 दर्ज




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण फिर से लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब स्तर पर पहुंच चुका है।

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 275 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। अक्षरधाम और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता का स्तर 272 तक पहुंच गया है। (एम्स) के क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 291 रहा, जो खराब श्रेणी के ऊपरी स्तर की ओर इशारा करता है।

अक्षरधाम के आसपास का वायु गुणवत्ता का स्तर 272 तक पहुंचा

लोधी रोड क्षेत्र में स्थिति कुछ बेहतर रही, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 184 दर्ज किया गया, जो ह्यमध्यमह्ण श्रेणी में माना जाता है। यहां प्रदूषण को कम करने के लिए पानी का छिड़काव करने वाली विशेष गाड़ियां तैनात की गई हैं। इसी तरह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीझ्3) क्षेत्र में सूचकांक 188 रहा, जो मध्यम श्रेणी में शामिल है।

पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सबसे चिंताजनक पाई गई, जहां सूचकांक 298 तक पहुंच गया। बवाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी की शुरूआत को दशार्ता है। चांदनी चौक में यह स्तर 299 रहा और आर.के. पुरम में 298 तक पहुंच गया। बुराड़ी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 264 मापा गया। सीपीसीबी के अनुसार, शुक्रवार को हवा उत्तर-पूर्व दिशा से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 2000 मीटर रही। इसके अलावा वेंटिलेशन इंडेक्स 7000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, दोपहर तीन बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 157 और पीएम 2.5 94.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई।

सीपीसीबी के अनुसार, निगरानी केंद्रों में से केवल वजीरपुर में 312 एक्यूआई के साथ बेहद खराब श्रेणी में हवा दर्ज की गई।

## सीएम नीतीश बोले- अब 'बिहारी' कहलाना अपमान नहीं, सम्मान की बात

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव से पहले एक वीडियो संदेश जारी कर राज्यवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से लगातार बिहार की सेवा करने का अवसर जनता ने उन्हें दिया है और इस दौरान राज्य में विकास व सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जब हमने शासन संभाला था, तब ह्यबिहारीह्ण कहलाना एक अपमान माना जाता था। हमने ईमानदारी और पूरी मेहनत से काम किया। आज ह्यबिहारीह्ण कहलाना गर्व की बात है।



**सरकार ने हर वर्ग के लिए समान रूप से काम किया है :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए समान रूप से काम किया है। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, सवर्ण, पिछड़े, अति-पिछड़े, दलित या महादलित सबके विकास के लिए काम हुआ है। मैंने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया, केवल जनता की सेवा की है। सीएम नीतीश ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को बिहार के विकास की कुंजी बताया।

**एनडीए की सरकार होने से विकास की रफ्तार और तेज हुई :** उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की सरकार होने से विकास की रफ्तार और तेज हुई है। बिहार में अब विकास के साथ-साथ कानून-व्यवस्था भी मजबूत हुई है।

## दिल्ली में गैंगवार: हाशिम बाबा गैंग के मिस्बाह हत्याकांड में प्रिंस और अब्दुल्ला दबोचे, 15 गोली मार ली थी जान

**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में हाशिम बाबा गैंग के बदमाश पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मिस्बाह (22) के रूप में हुई है। मिस्बाह पर हमलावरों ने दो दर्जन से अधिक गोली चलाई, जिसमें से करीब 15 गोली उसे लगी।

**गैंगस्टर प्रिंस काजी और अब्दुल्ला गिरफ्तार :** पुलिस के मुताबिक, हाशिम बाबा गैंग से तालुक रखने वाले मिस्बाह पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने इस हत्या के आरोप में गैंगस्टर प्रिंस काजी और अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर हसीब बाबा गैंग से जुड़े मिस्बाह की हत्या का आरोप है। एक को स्पेशल सेल ने और दूसरे को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात करीब 10.40 बजे सीलमपुर थाना पुलिस को सीलमपुर स्थित जामा मस्जिद के पास गोलीबारी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने देखा कि मौके पर खड़ी एक कार के पास युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है। पुलिस घायल युवक को तुरंत पास के जग प्रवेश अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से कई साक्ष्य हासिल किए।

जांच में पता चला कि वह जुलाई माह में जेल से बाहर आया था। बृहस्पतिवार रात वह के ब्लॉक सीलमपुर में कॉफी पीने के लिए कार से आया था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। मिस्बाह ने अपनी जान बचाने के लिए कार की आड़ में आने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसके पास आकर ताबड़तोड़ गोली चलाकर उसे छलनी कर दिया।

## तीन दशक पुरानी है यमुना को साफ करने की जंग करोड़ों खर्च करने के बाद भी नतीजा रहा सिफर

**नई दिल्ली।** राजधानी की जीवनदायिनी यमुना नदी को साफ करने की लड़ाई 30 साल से ज्यादा पुरानी है, लेकिन मौजूदा समय में भी दिल्ली का 22 किमी हिस्सा नदी को सीवेज की नाली बना रहा है। आलम यह है कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और दिल्ली हाईकोर्ट तक हर अदालत बार-बार फटकार लगा रही है, जुमार्ना ठोक रही है, लेकिन प्रशासन और सरकार टालमटोल करने में लगी है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि इतना पैसा, इतने आदेश फिर भी यमुना क्यों मरी हुई है?




इस सबके बीच सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की हालिया रिपोर्ट ने कहा है कि यमुना नदी को साफ करना नामुमकिन नहीं है। बस इसके लिए पुरानी योजनाओं से हटकर नई सोच और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सीएसई की रिपोर्ट में इंडिया एन्वायरनमेंट पोर्टल के मुताबिक, यमुना को बचाने की लड़ाई 1990 के दशक की शुरूआत में पहली जनहित याचिका के साथ अदालतों में शुरू हुई थी।

हाल ही में कुछ और महत्वपूर्ण पड़ाव हुए। इसमें सितंबर 2012-2013 की जनहित याचिका और 2013 व 2014 के विविध आवेदनों के जवाब में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण मंत्रालय को यमुना की सफाई के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया। वहीं, जुलाई 2018 में एनजीटी ने एक निगरानी समिति (यमुना मॉनिटरिंग कमेटी) का गठन किया।

## दिल्ली में बीएस-4 मानक से नीचे वाले मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर रोक लगाने के मकसद से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और दिल्ली परिवहन विभाग ने शुक्रवार मध्य रात्रि से दिल्ली में बीएस-4 से नीचे मानक वाले वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। बीएस-4 मानक वाले वाहनों को 31 अक्तूबर, 2026 तक प्रवेश की अस्थायी अनुमति दी गई है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, दिल्ली में गैर-पंजीकृत बीएस-3 और उससे नीचे के मानकों वाले वाहनों का प्रवेश एक नवंबर से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें हल्के, मध्यम और भारी मालवाहक वाहन शामिल हैं। यह प्रतिबंध प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



सीएक्यूएम के मुताबिक, अब राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली में पंजीकृत, बीएस-6 मानक वाले पेट्रोल/डीजल वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के अलावा सीएनजी/एलएनजी चालित और इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक मालवाहन विमानों को प्रवेश की अनुमति होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Ved Prakash Garg is with Himanshu Prakas... and 2 others.
7h ·


पिलखुवा नगर पालिका परिषद के चेयरमैन श्री विभु बंसल जी कों जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

यादगार पल



# नगर निगम के मुद्दों को लेकर विपक्ष के पार्षद क्यों रहते हैं इतना खामोश

## सरकार नहीं है तो क्या हुआ लेकिन जनता ने तुम्हें तो दिया है वार्ड में अपना जनादेश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकतंत्र प्रक्रिया में जनमत सर्वोपरि होता है और जिसे जनादेश प्राप्त होता है वही जनप्रतिनिधि बनता है। सरकार की बात करें तो यहां 100 वार्डों के पार्षद नगर निगम के सदन में बैठकर विकास का खाका खींचते हैं। वो निगम की आय से लेकर जनता की सुविधाओं तक बात रखते हैं। अधिकारियों के फैसलों पर आपत्ति भी जताते हैं और जरूरत पड़ने पर विरोध भी करते हैं। मगर अब देखने में ये आ रहा है कि जिन्हें जनता ने सरकार के खिलाफ जाकर जनादेश दिया वो पार्षद चुनकर आये चेहरे निगम के सदन में शांत बैठ गये। आलम ये है कि जिस विपक्ष को मोर्चा खोलना है वो विपक्ष तमाशबीन है और जन मुद्दों को लेकर उदासीन है। सरकार के पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि जिस विरोध की पहल विपक्ष की तरफ से होनी है उस विरोध की पहल सरकार के पार्षद करते हैं। सवाल यही है कि अगर क्षेत्र की जनता ने तुम्हें अपना जनादेश दिया है तो कम से कम उस जनादेश का तो सम्मान करो। केवल बारिशों में लकड़ी के तख्ते पर खड़े होकर रील बनाने से काम नहीं चलने वाला है। बारिश में छाता लेकर नगर आयुक्त के घर के बाहर खड़े होकर समस्या का समाधान नहीं होगा। ये आवाज केवल पार्षदों की ही नहीं है आवाज तो कांग्रेस, समाजवादी और बसपा के नेताओं को भी उठानी चाहिए। अगर विकास के काम में विपक्ष का होना बाधा बन रहा है तो इसकी शिकायत के बहुत से मंच हैं। लेकिन नगर निगम की स्टोरी में सबसे बड़ा पंच ये है कि विपक्ष खामोश बैठकर पूरे सीन को देख रहा है।

### अगर बनना ही था भाजपाई तो पहले ही बता देते मेरे भाई

**करंट क्राइम।** नगर निगम के चुनाव में भाजपा को जितनी सीटें मिली, उतनी सीटों के बाद कई सीटों में इजाफा उसने बिना चुनाव लड़े ही कर लिया। या ये कहो कि जनता ने जनादेश अपने चेहरों को दिया था और चेहरों ने फिर फूल से समझौता कर लिया। नदिया पार में कई ऐसे चेहरे हैं जो भाजपा के खिलाफ लड़े। कोई बसपा से लड़ा तो कोई निर्दलीय लड़ा और सीधी सी बात है वो भाजपा को हराने के लिए लड़ा। जनता ने उन्हें वोट देकर जिताया तो ये भी तय था कि जनता का ये वोट भाजपा के खिलाफ था। मगर जनता को ये इखलाक नहीं था कि जिसे वो वोट देकर निगम के सदन में भेज रहे हैं वो चेहरा वहां जाकर अपनी निष्ठा ही बदल लेगा। तकनीकी रूप से ये जनादेश का अपमान है लेकिन अब जनता भी क्या करें क्योंकि जिसे वोट दिया था वो तो जीतने के बाद भाजपा को सपोर्ट कर गया। जनता भी अब यही कहती है कि अगर तुम्हें जीतने के बाद भाजपा में ही जाना था तो पहले ही बता देते।

### विपक्ष के बड़े लीडर भी नहीं करते हैं निगम के मुद्दों को लेकर इतना कंसीडर

करंट क्राइम। नगर निगम एक ऐसा मंच है जहां अलग अलग मौहल्ले और गलियों से जनता की आवाज जनता के वोट से चुनकर आती है। नगर निगम का सदन अपने आप में शहरी सरकार कहा जाता है। यहां मेयर से लेकर पार्षद भी जनता के वोट से चुनकर आते हैं। ये लोकतंत्र का सम्मान है कि नगर निगम के सदन में लोकसभा सांसद, विधायक, क्षेत्र में रहने वाले एमएलसी, मंत्री इसके पदेन सदस्यों में आते हैं। अगर किसी विषय पर राय रखनी है तो लोकसभा सांसद को भी वोट देने का अधिकार है। विधायकों का वोट देने का अधिकार है। जब नगर निगम के मुद्दों को लेकर सांसद और विधायक आते हैं तो फिर ये सवाल है कि आखिर विपक्ष के बड़े नेता निगम के मुद्दों पर इतना कंसीडर क्यों नहीं करते। हाउस टैक्स का मुद्दा पूरे शहर में गूंज रहा है लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस का कोई बड़ा लीडर इस मुद्दें पर नहीं बोला। कहने वाले तो ये भी कहते हैं कि अगर यही मुद्दा किसानों का होता तो सारे नेता एकसाथ आ जाते। क्या शहर की जनता विपक्ष के बड़े नेताओं की निगाह में वोटर नहीं है। क्या उन पर अगर कर का बोझ पड़ेगा तो इसकी चिंता विपक्ष के बड़े नेता नहीं करेंगे। केवल हाउस टैक्स की बात नहीं है और यहां तो कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर सत्ताधारी दल के नेता तो बोले हैं लेकिन विपक्ष के बड़े नेताओं ने खामोशी साध ली है। शायद इनकी निगम में नगर निगम के मुद्दे मुद्दे नहीं है।

# आज से शुरू होगी नेशनल सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप

## 500 से अधिक अलग-अलग ग्रुप के खिलाड़ी लेंगे भाग

### एचआरआईटी कॉलेज में यूपी शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन की देखरेख में होगी पूरी प्रतियोगिता






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश चैश स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से एचआरआईटी कॉलेज में 2 नवंबर से लेकर 10 नवंबर तक अखिल भारतीय शतरंज महासंघ की ओर से चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। जिसमें 50वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ओपन एवं 41वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका चैश चैंपियनशिप 2025 आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में जहां कुल 523 प्रतिभागी भाग लेंगे, तो ओपन वर्ग में 28 राज्यों के 369 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें कई नेशनल और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। शनिवार को एचआरआईटी कॉलेज में पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने जानकारी दी है कि रविवार को इसका उद्घाटन ढाई बजे होगा और पहला राउंड 3 बजे शुरू किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्य संरक्षक डॉ. अंजुल अग्रवाल अध्यक्ष भारतीय शूटिंग बॉल महासंघ, संरक्षक कार्तिक कपूर, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चैश स्पोर्ट्स एसोसिएशन ,आयोजन सचिव अतुल निगम, अध्यक्ष हापुड़ शतरंज एसोसिएशन, जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल उद्घाटन अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

### प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं खिलाड़ी

करंट क्राइम : जानकारी दी है कि इस प्रतियोगिता में कुल 523 प्रतिभागी भाग लेंगे। चैंपियनशिप में कुल पुरस्कार राशि 09 लाख रुपए है। प्रतियोगिता दो वर्गों में है ओपन वर्ग गर्ल्स जिसमें प्रत्येक में साढ़े चार लाख रुपए और प्रत्येक वर्ग के 20 प्रमुख खिलाड़ियों को 90 हजार रुपए और तीसरा स्थान पर रहने वालों को 70 हजार और 58 हजार-ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस दौरान ओपन वर्ग में 28 राज्यों के 369 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसमें केरल के टॉप सेट इंटरनेशनल मास्टर गौतम कृष्णा एच के साथी ही चौथ प्ले मास्टर 13 कैंडिडेट मास्टर सहित 325 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी भी भाग लेंगे। वहीं बालिका वर्ग में 27 राज्यों की 154 खिलाड़ी भाग ले रही हैं।

### 20 स्क्रीन से चलेगा लाइव टेलीकास्ट, हर मैच का अपडेट रहेगा ऑनलाइन

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश चैश स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जो प्रतियोगिता की जा रही हैं, इसको व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तो बड़ी संख्या में रेफरी और अंपायर भी मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि यहां 20 स्क्रीन लगाई जाएगी ताकि हर मैच का लाइव प्रसारण और स्कोर ऑनलाइन अपडेट चलाया जाएगा। उन्होंने बताया है कि इसमें देश के साथ ही विदेशी खिलाड़ियों के द्वारा भी गाजियाबाद में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के खिलाड़ियों पर नजर रहने वाली है।

### 10 नवंबर को होगा समापन

करंट क्राइम : एचआरआईटी कॉलेज में आयोजित आठ दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 10 नवंबर को लगभग साढ़े तीन बजे होगा। उत्तर प्रदेश चैश स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक कपूर ने बताया है कि इस प्रतियोगिता का मकसद पूरे प्रदेश और प्रदेश के शानदार खिलाड़ियों को एक छत के नीचे लाना और उनकी तकनीक को सुधारना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ही शतरंज के खेल को विद्यार्थियों के जीवन में लाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो मानसिक रूप से सभी का विकास करता है। शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, अतुल निगम, अभिषेक कार्तिक कपूर, डा. अंजुल अग्रवाल व राहुल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

> इस प्रतियोगिता का मकसद प्रदेश के शानदार खिलाड़ियों को एक छत के नीचे लाना और उनकी तकनीक को सुधारना है।
> **कार्तिक कपूर**, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चैश स्पोर्ट्स एसोसिएशन

# अभी फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए करना होगा मंडे तक का वेट

## पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस के पास नहीं है कोई अपडेट





करंट क्राइम फॉलोअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस चार दिन बाद भी खाली हाथ हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारी इस पूरे मामले में गहनता से जांच की बात कर रहे हैं। तो वहीं पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस इस पूरे मामले में जिस फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का प्लान बना रही थी, उसके लिए अभी मंडे तक का वेट करना पड़ेगा। पुलिस को अभी इस मामले की फोरेंसिक रिपोर्ट नहीं मिली है, उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पार्षद शीतल चौधरी के मामले में पुलिस ने अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। ना ही आरोपियों के बारे में कोई जानकारी दी गई है। उससे पार्षद और भाजपा के लोग अंदर खाने नई रणनीति बनाने में जुड़ गए हैं, कहा जा रहा है कि अगर सोमवार तक इस पूरे मामले में कोई खुलासा नहीं होता है। तो मधुबन बापूधाम थाना पुलिस और एसओ को लेकर मोर्चा खोला जा सकता है।

### भाजपा पार्षदों में अंदर खाने चल रही है चर्चा

करंट क्राइम : जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद शीतल चौधरी पर जानलेवा हमले का प्रयास हुआ, उसके बाद संगठन के महानगर अध्यक्ष तो शहर विधायक, मुरादनगर विधायक और पूर्व महापौर से लेकर पार्षदों की बड़ी संख्या में थाने में मौजूदगी थी। तो कहीं ना कहीं इसमें सत्ताधारी दल का दबाव भी था लेकिन इस सबके बावजूद भी पुलिस इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। साथ ही खुलासे के ओर भी कोई तेजी नजर नहीं आ रही है। उधर जानकारी के अनुसार लगातार पुलिस ने इस पूरे मामले में नए और पुराने घटनाक्रम को सिलसिले बार ढंग से जोड़कर देखा है लेकिन अभी तक पुलिस के अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं। बता दें की बुधवार की रात शीतल चौधरी सेक्टर-23 अपनी बहन के घर जा रही थीं। इसी दौरान क्रेटा कार पर किसी ने फायरिंग कर दी थी। आरोप है कि हमलावरों ने पहले पीछे किया था और फिर भाजपा की महिला पार्षद पर जानलेवा हमला किया गया था।

# पुलिस कमिश्नर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बेहतर कार्य एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कन्वेक्क्षन सेल की टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को इसी प्रकार समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बता दें कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में 1 जुलाई 2025 को कन्वेक्क्षन सेल का गठन किया गया था। यह सेल गंभीर एवं महिला संबंधित अपराधों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त, साहिबाबाद श्वेता यादव के नेतृत्व में सेल लगातार न्यायालय में मजबूत पैरवी कर रही है। वहीं मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए 22 सितंबर 2025 को सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न थानों से जुड़े 23 गंभीर मामलों की समीक्षा कर त्वरित पैरवी कराई गई।

इन मामलों में से 09 मामलों में आरोपियों को अल्प अवधि में ही न्यायालय से कठोर सजा दिलाई गई, जबकि 20 मामलों में कारावास एवं आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए इस प्रकार की प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# सूटबूट और कोट पहनकर ठगी के मास्टर माइंड को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

## एपीके फाइल डाउनलोड कराकर साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने की बड़ी कार्रवाई, 8 करोड़ की ठगी का खुलासा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने साइबर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गैंग एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर लोगों के मोबाइल सिस्टम तक पहुंच बनाता था और फिर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम देता था। पुलिस ने इनके कब्जे से 4 मोबाइल फोन व 50,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों में भास्कर उपाध्याय, मोहसिन अहमद, गौरव मिश्रा और उस्मान अहमद शामिल हैं।

पुलिस की जानकारी के अनुसार, इस गिरोह ने पिछले 15 दिनों में करीब 8 करोड़ रुपये की ठगी की है। इनके खिलाफ एनसीआरबी पोर्टल पर 34 शिकायतें दर्ज हैं। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि गिरोह के कई सदस्य फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। आरोपियों में से एक की योजना 100 करोड़ रुपये की ठगी करने की थी।




### साइबर क्राइम कंट्रोल पर भी फोकस करेगी स्वाट टीम : सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम को निर्देशित किया है कि पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर क्राइम पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाए। सूत्रों के अनुसार, अब स्वाट टीम बड़ी साइबर ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, तकनीकी अपराध और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को भी तेजी से ट्रैक करेगी। पुलिस कमिश्नरेट का मानना है कि गाजियाबाद में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष तकनीकी इकाई और इंटेलिजेंस सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा।

### भेष बदलकर की गई गिरफ्तारी

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच के सूत्रों के मुताबिक, पुलिस टीम ने भेष बदल कर कार्रवाई की और एक आरोपी, जो जिम संचालक बताया जा रहा है, को दबोचा। गैंग तकनीकी तरीके से मोबाइल डेटा हैक कर बैंकिंग जानकारी हासिल करता था क्राइम ब्रांच की टीम जब दबोचने के लिए पहुंची तो पुलिस वालों ने सूटबूट और कोट पहनकर ठगी के मास्टर माइंड को क्राइम ब्रांच ने दबोचने का काम किया है।

> सूटबूट और कोट पहनकर ठगी के मास्टर माइंड को दबोचा

### हवाला के जरिए डॉलर से पैसों का लेन-देन



करंट क्राइम : स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि जांच में सामने आया है कि फरार आरोपी रैनी उर्फ अमर ठगी की रकम को यूएस डॉलर में कन्वर्ट करवाकर हवाला नेटवर्क के जरिए पैसा बांटता था। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। यह गिरोह देशभर के दर्जनों राज्यों में साइबर अपराधों को अंजाम दे चुका है, जिसमें आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड सहित अन्य राज्यों की शिकायतें शामिल हैं।

### ठगी के पैसों से किया जा रहा था इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार

करंट क्राइम : स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गौरव मिश्रा (उम्र 23 वर्ष) ठगी के पैसों से नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों का व्यवसाय कर रहा था। वह ई-व्हीकल फाइनेंस कराकर डिलीवरी बॉयज को बेचता था और इसी बिजनेस को ठगी के पैसे से आगे बढ़ा रहा था। पुलिस का कहना है कि इस गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल के किया भंडारा वितरण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जनसंपर्क कार्यालय पर कार्तिक माह भंडारे का 25वां दिन शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल सहित भजापा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कार्तिक माह भंडारे का आयोजन सेवा भाव से किया जा रहा है, जिसमें हजारों माता बहनों, भाइयों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज में सेवा भाव और एकता की भावना को बढ़ावा देता है।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कार्तिक माह भंडारे का आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें हम सभी को सेवा भाव से जुड़ने का मौका मिलता है। विधायक अजीत पाल ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर भाजपा

शेष, पृष्ठ 6

## संपादकीय

# चैंपियन हैं भारत की बेटियां

जय हो, भारत की बेटियों की! वाह, क्या खेल दिखाया है? क्या जुझारू पारी और एकाग्रता की मिसाल कायम की है? क्या अर्जुन की तरह लक्ष्य पर निगाहें टिकी थीं और महिला एकदिनी क्रिकेट के 52 साला इतिहास में नया कीर्तिमान रच दिया? यह छोटे-छोटे मील-पत्थरों की कहानी नहीं है। यह पुरुष या महिला क्रिकेट की सबसे खूबसूरत, शानदार, जानदार जीत है। भारत और हम भारतीयों को अपेक्षाएं ही नहीं थीं। हमने महिला क्रिकेट तो क्या, महिला खिलाडिों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। जिन पलों में महिला टीम इंडिया ने 7 बार की विश्व चैम्पियन और लगातार 15 मैचों की अजेय ऑस्ट्रेलिया टीम को पराजित कर विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया, लगभग उसी दौरान एशियन यूथ गेम्स में भारत की चार बेटियों-खुशी, अहाना, चन्द्रिका, अंशिका-ने मुक्केबाजी में स्वर्णिम सफलता हासिल की। देश की जास्मीन और मीनाक्षी हुड्डा ने अपने-अपने भार-वर्ग में, विश्व चैम्पियनशिप के मुकाबलों में, स्वर्ण पदक जीते। कितने भारतीयों को ये स्वर्णिम उपलब्धियां याद हैं? शायद उन्हें जानकारी भी न हो! बहरहाल महिला क्रिकेट के विश्व कप में भारत की बेटियों ने जो खेल खेला है, वह वाकई अद्भुत, अप्रत्याशित, अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय था! ऑस्ट्रेलिया की टीम ने ग्रुप स्तर पर टीम इंडिया के 330 रनों का सफल चेज कर जीत हासिल की थी। लिहाजा सेमीफाइनल मुकाबले में किसी अतिरिक्त करिश्मे की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में मानो कोई फरिश्ता उतर आया और उसने अभूतपूर्व करिश्मा कर दिखाया। जेमिमा को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में ड्रॉप किया गया था। जेमिमा की फॉर्म भी अच्छी नहीं थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने 70 से अधिक रन ठोंके थे।

विश्व कप के दौरान वह ड्रेसिंग रूम या अकेले में ही सुबकती रहती थी, क्योंकि वह देश के लिए अच्छी क्रिकेट खेल नहीं पा रही थी। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 338 रन का पहाड़-जैसा लक्ष्य दिया था। जवाब में जब टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज-शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना-अपेक्षाकृत कम स्कोर पर आउट हो गए, तो भारत की पारी डूबती-सी लगी। उन स्थितियों में जेमिमा ने नाबाद 127 रन (134 गेंद, 14 चौके) बनाकर न केवल विश्व कप का अपना पहला शतक लगाया, बल्कि कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 गेंद पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट की साझेदारी में 167 रन (156 गेंद) बना कर पहाड़ की ऊंचाई को एक हद तक कम कर दिया। जेमिमा ने दीप्ति शर्मा के साथ 38 रन (34 गेंद), ऋचा घोष के साथ 46 रन (31 गेंद) और अमनजोत कौर के साथ नाबाद 31 रन (15 गेंद) जोड़े और एक अविश्वसनीय-सी लग रही जीत पर मुहर लगा दी। विश्व कप का यह सबसे बड़ा और सफल चेज रहा। यकीनन जेमिमा प्लेयर ऑफ दि टीम इंडिया करार दी जानी चाहिए, जिस पर भरोसा किया गया, तो उन्होंने महान पारी खेली और टीम इंडिया को 5 विकेट की जीत से, 9 गेंद शेष थीं, विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया।

# 1984 के दंगों का दर्द आज भी जिंदा : कांग्रेस ने दिए जख्म, भाजपा ने लगाया मरहम : सरदार एस.पी. सिंह

## गाजियाबाद में 29 सिखों की निर्मम हत्या, कांग्रेस ने दी केवल 25 हजार की मदद, मोदी योगी सरकार ने बढ़ाया इंसाफ का भरोसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 1984 के सिख दंगों का दर्द आज भी सिख समाज के दिलों में ताजा है। कांग्रेस शासनकाल में जिस तरह सिख समुदाय पर अत्याचार हुआ, उसे समय ने भले ढक दिया हो, पर मिटा नहीं सका। गाजियाबाद में तीन दिन तक चले उस भीषण दंगे ने 29 परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया था। घर जल गए, मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, पर कांग्रेस सरकार ने पीड़ितों के जख्मों पर सिर्फ 25-25 हजार रुपये की आर्थिक मदद देकर औपचारिकता पूरी की। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने सिख समाज के दर्द को कभी महसूस ही नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिनके घर राख में बदल गए, जिनके अपनों को भीड़ ने जिंदा जला दिया, उन्हें कांग्रेस ने सिर्फ कुछ हजार रुपये देकर चुप कराने की कोशिश की। आज भी उन जख्मों का दर्द हमारे दिलों में ताजा है।




1984 के दंगों के दौरान गाजियाबाद भी आग की लपटों में घिरा हुआ था। तीन दिन तक लगातार हिंसा होती रही। नासिरपुर फाटक के पास एक पिता और पुत्र को गले में टायर डालकर जिंदा जला दिया गया था। शहर के कई हिस्सों में आगजनी और लूटपाट हुई। बाद में प्रशासन ने राहत कैंप लगाए और लोगों को सुरक्षा में रखा। दंगा शांत होने के कुछ दिनों बाद, 8 नवंबर को सिख समाज के लोग गुरुनानक जन्मोत्सव मनाने के लिए बजरिया गुरुद्वारा सिंह सभा में इकट्ठा हुए। उसी सभा में दंगे में अपने पति और बेटे को खो चुकी बीबी हरनाम कौर बिलख रही थीं, जबकि मंच पर मौजूद अधिकारियों का सम्मान किया जा रहा था। उस समय महज 24 वर्ष के सरदार एस.पी. सिंह, जो खुद उस सभा में उपस्थित थे, ने जब यह दृश्य देखा तो विरोध में खड़े हो गए। उन्होंने कहा, 'आप उन अफसरों का सम्मान कर रहे हैं, जिनकी आंखों के सामने निर्दोष लोगों की हत्या हुई। उनके इस साहसिक विरोध के बाद कई अन्य युवा भी उनके साथ खड़े हो गए।

स्थिति बिगड के डर से तत्कालीन डीएम सी.पी. सिंह और एसएसपी कार्यक्रम से चुपचाप निकल गए। इसके बाद पुलिस और सेना की टीमों को तैनात किया गया ताकि कोई नई अप्रिय स्थिति न बने। 17 अक्टूबर 2000 को सरदार एस.पी. सिंह उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नामित किए गए। उनके प्रयासों से आयोग ने 1984 के दंगों से जुड़ी पूरी जानकारी राज्य सरकार से मांगी। 31 जनवरी 2001 को गृह विभाग ने सभी प्रभावित जिलों से रिपोर्ट मांगी। उस रिपोर्ट में सामने आया कि कानपुर में 2063 केस दर्ज हुए, जिनमें 130 की हत्या हुई थी, जबकि गाजियाबाद में 123 केस दर्ज हुए और 29 लोग मारे गए थे, जबकि अकेले दिल्ली में लगभग दो हजार से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्याएं हुई थी और सभी जगह पर लोगों के घरों में लूटपाट करके आगजनी की गई थी। इन आंकड़ों ने उस भयावहता को सामने रखा, जो कांग्रेस शासनकाल में घटित हुई थी।

सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बाद में मुआवजे की राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी, लेकिन जिन्होंने पहले 25 हजार रुपये ले लिए थे, उनके मुआवजे से वह राशि घटाकर दी गई। 'कांग्रेस ने न तो कागजों में और न ही हकीकत में कोई इंसाफ जमीन पर दिया। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद हालात बदले। मोदी सरकार ने 1984 के दंगों में मारे गए 3325 मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। भाजपा सरकार ने दंगा पीड़ितों की पीड़ा को समझा और उनके पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए। इसके साथ ही कानपुर के दंगों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया, जो दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में सक्रिय है।

सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि मुआवजा जख्मों पर पूरी तरह से मरहम नहीं लगा सकता, पर अब लोगों में यह उम्मीद जगी है कि दोषियों को सजा जरूर मिलेगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में न्याय की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। मैंने स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर 30 साल से लंबित मामलों में दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इतना बड़ा नरसंहार हुआ, लेकिन कांग्रेस ने आज तक उसकी निंदा तक नहीं की। यह शर्मनाक है कि जिनके शासन में निर्दोषों का खून बहा, उन्होंने कभी पश्चाताप तक नहीं जताया। सरदार एस.पी. सिंह ने बताया कि मृतक आश्रितों को अब तक दस लाख रुपये तक की सहायता दी जा चुकी है। सरकार एसआईटी की रिपोर्ट पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने न केवल राहत दी, बल्कि न्याय की उम्मीद भी जगाई। हम चाहते हैं कि अब इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति न हो, बल्कि न्याय की प्रक्रिया पूरी की जाए। 1984 का सिख दंगा भारत के इतिहास का सबसे काला अध्याय रहा है। यह केवल एक समुदाय पर हमला नहीं, बल्कि इंसानियत पर प्रहार था। गाजियाबाद से लेकर कानपुर तक फैली हिंसा ने जो घाव दिए, उन्हें समय भी नहीं भर सका। पर आज, मोदी सरकार के प्रयासों से सिख समाज के दिलों में इंसाफ की एक नई किरण जगी है। सरदार एस.पी. सिंह ने बताया कि हमारे जख्म भले पुराने हैं, लेकिन इंसाफ की उम्मीद आज भी जिंदा है। अब वक्त आ गया है कि जिन्होंने यह अपराध किए, उन्हें उनके गुनाह की सजा मिले। श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि जिस प्रकार अब दिल्ली सरकार ने दंगा पीड़ितों के पुनर्वास की योजना बनाई है, उसी तरह से पूरे देश में दंगा पीड़ितों के पुनर्वास की योजना बनाकर उन्हें राहत प्रदान की जाए। यह बात सत्य है कि मुआवजे से पूरा मरहम नहीं लग सकता है, कानूनी प्रक्रिया से दंगों के दोषियों को सजा भी मिलनी चाहिए।



सरदार एस पी सिंह
पूर्व सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग
उत्तर प्रदेश सरकार

# जेट ईंधन की कीमतों में एक फीसदी की बढ़ोतरी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ पांच रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** मासिक ईंधन मूल्य समीक्षा के तहत जेड ईंधन की कीमतों में लगभग 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं कमर्शियल एलपीजी 5 रुपये प्रति सिलेंडर सस्ता हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के अनुसार यह संशोधन किया गया है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट ईंधन की कीमतों में शनिवार को करीब एक प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम पांच रुपये प्रति सिलेंडर घटाए गए। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के दामों के अनुरूप मासिक समीक्षा के तहत किया गया है।

### लगातार दूसरे महीने बढ़ें जेट ईंधन के दाम

सरकारी तेल विपणन कंपनियों के अनुसार, राजधानी दिल्ली में एटीएफ का दाम अब 777 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.8 प्रतिशत बढ़कर 94,543.02 प्रति किलोलीटर हो गया है। यह लगातार दूसरा महीना है जब जेट ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं।

### परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा 40 प्रतिशत



पिछले महीने यानी 1 अक्तूबर को एटीएफ की कीमतों में 3,052.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 3.3% की वृद्धि हुई थी। उससे पहले सितंबर में इसमें 1.4 प्रतिशत या 1,308.41 प्रति किलोलीटर की कटौती की गई थी। मूल्य वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइनों पर बोझ बढ़ेगा, जिनके परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है।

### इन शहरों में इतनी बढ़ी कीमतें

मुंबई में एटीएफ की कीमत 87,714.39 रुपये प्रति किलोलीटर से बढ़ाकर 88,44.87 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इसकी कीमत क्रमश: 98,089.68 रुपये और 97,549.18 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वैट जैसे स्थानीय करों के प्रभाव के आधार पर दरें शहर-दर-शहर भिन्न होती हैं।

### राजधानी दिल्ली में वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमतें

इसके साथ ही, तेल कंपनियों ने होटलों और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 5 रुपये की कटौती की है। राजधानी दिल्ली में अब वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमत 1,590.50 रुपये हो गई है। यह कटौती पिछले महीने प्रति सिलेंडर 15.50 रुपये की बढ़ोतरी के बाद की गई है। इससे पहले, छह बार कीमतों में कटौती की गई थी।

# भारत पहले रोके रूसी तेल आयात, फिर अमेरिका से टैरिफ घटाने और व्यापार वार्ता की दिशा में बढ़े

**नई दिल्ली।** जीटीआरआई ने सुझाव दिया है कि अमेरिका के साथ जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए सतर्क रुख अपनाने की जरूरत है। भारत को चरणबद्ध रणनीति अपनाते हुए सबसे पहले प्रतिबंधित रूसी कंपनियों से तेल आयात बंद कर देना चाहिए, ताकि संभावित द्वितीयक प्रतिबंधों से बचा जा सके।



भारत को अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में सतर्क रणनीति अपनानी चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह सुझाव दिया है। इसमें तीन चरणों की योजना सुझाते हुए कहा गया है कि भारत को पहले प्रतिबंधित रूसी कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल से तेल आयात बंद करना चाहिए, ताकि द्वितीयक प्रतिबंधों के खतरे से बचा जा सके।

### भारत टैरिफ घटने के बाद ही कर सकता है व्यापार वार्ता

जीटीआरआई के अनुसार, जब ये आयात पूरी तरह बंद हो जाएंगे, तो भारत को अमेरिका पर दबाव बनाना चाहिए कि वह भारतीय निर्यात पर लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत रूसी तेल टैरिफ को वापस ले। इसमें कहा गया है कि टैरिफ सामान्य होने के बाद ही व्यापार वार्ता फिर से शुरू करें और वह भी उचित व संतुलित शर्तों पर।

### रूसी कंपनियों पर लगे प्रतिबंध ने भारत के लिए स्थिति कठिन बना दी

सरकारी अधिकारियों ने 24 अक्तूबर को कहा कि भारत और अमेरिका महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं। यह प्रगति ऐसे समय हो रही है जब 22 अक्तूबर को वाशिंगटन ने रूसी कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। यह रूस के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा संभालती हैं।

### वित्तीय और डिजिटल ढांचे पर पड़ सकता है असर

जीटीआरआई ने चेतावनी दी है कि अमेरिका के रूस पर लगाए गए द्वितीयक प्रतिबंध अब भारत के लिए व्यापक खतरे पैदा कर सकते हैं। संस्था के मुताबिक, ये प्रतिबंध न केवल व्यापार बल्कि वित्तीय और डिजिटल ढांचे को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन प्रतिबंधों के चलते भारत की रह भुगतान प्रणाली तक पहुंच अवरुद्ध हो सकती है, डॉलर आधारित लेनदेन पर रोक लग सकती है और रिफाइनरी, बंदरगाहों और बैंकों से जुड़ी डिजिटल सेवाएं बाधित हो सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां टैरिफ सीधे निर्यातकों को नुकसान पहुंचाते हैं, वहीं प्रतिबंध पूरी प्रणाली को पंगु बना सकते हैं।

### भारत को टैरिफ को 15 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखना चाहिए

इसमें यह भी सुझाव दिया कि भारत को यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख साझेदारों के समान स्तर हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए, यानी औसत औद्योगिक शुल्क को लगभग 15 प्रतिशत तक लाने और कपड़ा, रत्न-आभूषण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों को ड्यूटी-फ्री पहुंच देने का लक्ष्य रखना चाहिए।

### अमेरिकी टैरिफ से भारतीय निर्यात में आई 37 प्रतिशत की गिरावट

अमेरिकी कदमों का असर पहले से ही दिखा है। 31 जुलाई को लगाए गए 25 प्रतिशत रूसी तेल शुल्क के बाद भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क दर 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसके चलते मई से सितंबर के बीच भारतीय निर्यात में 37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी भी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।

## राशिफल

**मेष:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें।

**वृष:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन:** किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कर्क:** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**सिंह:** पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी।

**कन्या:** शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है।

**तुला:** परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक:** शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। कुंआरों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है।

**धनु:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। पुरानी व्याधि पर व्यय होगा।

**मकर:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं।

**मीन:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे।

## चुटकुले

गोलू अपनी मम्मी से- ये नहाना भी अपनी समझ से बाहर है।
जिस शब्द में ही आगे 'न' है और पीछे 'ना' है।
तो बीच में दुनिया 'हां' कराने पर क्यों तुली है?

---

पहला लड़का - तुम चाय पीने के लिए किस हद तक जा सकते हो?
दूसरा लड़का - एक बार तो लड़की तक देखने चला गया था।

---

सोनू - रात भर मुझे नींद नहीं आई।
मोनू - क्यों?
सोनू - रात भर मैंने सपने में देखा कि मैं जाग रहा हूं।

---

पत्नी: सुनो जी, मैं सुंदर लगती हूँ या स्मार्ट?
पति: दोनों में से एक चुनूँ क्या?
पत्नी: हाँ!
पति: तो मैं जान बचाने वाला जवाब चुनता हूँ — बहुत प्यारी हो!




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सर्वाधिक रन बनाने की दौड़ में शामिल वोलवार्ट-मंधाना, गेंदबाजों में दीप्ति चल रहीं सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को महिला विश्व कप का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीमें अपने पहले खिताब के लिए जोर लगाएंगी, लेकिन इन सबके बीच यह भी देखने वाली बात होगी कि मौजूदा महिला विश्व कप में कौन सी बल्लेबाज सर्वाधिक रन बनाने का पुरस्कार अपने नाम करती हैं और कौन सी गेंदबाद सबसे ज्यादा विकेट लेने में सफल रहती हैं।

### महिला विश्व कप में भारत-दक्षिण अफ्रीका का सफर

भारत और दक्षिण अफ्रीका के महिला विश्व कप 2025 में सफर पर नजर डालें तो दोनों का प्रदर्शन ग्रुप चरण में अच्छा रहा था। दक्षिण अफ्रीका की टीम सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर थी, जबकि मेजबान भारतीय टीम सात मैचों में तीन जीत, तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ सात अंक लेकर चौथे स्थान पर रहते ही सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी।

### टूर्नामेंट में गरज रहा है वोलवार्ट-मंधाना का बल्ला

दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ट और भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना का बल्ला मौजूदा टूनार्मेंट में जमकर बोल रहा है। दोनों बल्लेबाज टूनार्मेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। फिलहाल वोलवार्ट मंधाना से आगे चल रही हैं, लेकिन फाइनल में अगर भारतीय बल्लेबाज का बल्ला जल पड़ा तो वह वोलवार्ट को पीछे छोड़कर मौजूदा टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन जाएंगी। वोलवार्ट और मंधाना के बीच फिलहाल 81 रनों का अंतर है। वहीं, वोलवार्ट भी खतरनाक फॉर्म में नजर आ रही हैं, ऐसे में दोनों बल्लेबाजों के बीच आगे निकलने की होड़ काफी कड़ी होगी।

# विश्व कप के फाइनल में कभी नहीं भिड़े भारत-द.अफ्रीका, टूर्नामेंट में कौन किस पर भारी?



भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए फाइनल में पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि दोनों ही टीमों के सामने सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती थी। दक्षिण अफ्रीका का सामना जहां सेमीफाइनल में इंग्लैंड से था तो वहीं भारत के सामने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम थी।

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और खिताब के लिए कौन सी दो टीमें आमने-सामने होंगी ये तय हो गया है।

रविवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इन दोनों ही टीमों ने कभी विश्व कप का खिताब नहीं जीता है, इसलिए ये तय है कि इस बार महिला क्रिकेट को नया चैंपियन मिलेगा।

### सेमीफाइनल में दोनों ने मजबूत टीमों के हराया

भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए फाइनल में पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि दोनों ही टीमों के सामने सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती थी। दक्षिण अफ्रीका का सामना जहां सेमीफाइनल में इंग्लैंड से था तो वहीं भारत के सामने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम थी। दिलचस्प बात यह है कि जैसे इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में हराया था, वैसे ही ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत पर भारी पड़ी थी। इसके बावजूद भारत और दक्षिण अफ्रीका के इरादे नहीं डगमाए और इन दोनों ने सेमीफाइनल की बाधा को पार किया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहीं। अब दोनों ही टीमें अपने पहले विश्व कप खिताब से एक कदम की दूरी पर हैं।

### महिला विश्व कप में भारत-दक्षिण अफ्रीका का सफर

भारत और दक्षिण अफ्रीका के महिला विश्व कप 2025 में सफर पर नजर डालें तो दोनों का प्रदर्शन ग्रुप चरण में अच्छा रहा था। दक्षिण अफ्रीका की टीम सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर थी, जबकि मेजबान भारतीय टीम सात मैचों में तीन जीत, तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ सात अंक लेकर चौथे स्थान पर रहते ही सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी।

### हार की हैट्रिक लगाकर भारत ने वापसी

भारत ने महिला विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत सह मेजबान श्रीलंका को बारिश से बाधित मुकाबले में 59 रनों से हराकर की। इसके बाद उसने अगले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 88 रनों से हराया। लगातार दो जीत के बाद भारतीय अभियान को उस वक्त झटका लगा जब उसने हार की हैट्रिक लगाई और उस वक्त लगा कि कहीं भारत का सफर ग्रुप चरण में ही ना थम जाए। भारत को पहले इसी दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ तीन विकेट से हार मिली जिसके खिलाफ उसे रविवार को फाइनल खेलना है।

फिर टीम को ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से और इंग्लैंड ने चार रन हराया। भारत के लिए अब न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच जीतना बहुत अहम था।

दोनों ही टीमों के लिए यह मैच वर्चुअल नॉकआउट की तरह था, लेकिन भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की शानदार पारियों से न्यूजीलैंड के सामने विशाल लक्ष्य रखा और बारिश से बाधित मुकाबले में डीएलएस के जरिये 53 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम का ग्रुप चरण का अगला मैच बांग्लादेश से था, लेकिन बारिश के कारण ये मुकाबला धुल गया।

# 11 रन बनाकर भी बाबर आजम ने बना दिया बड़ा रिकॉर्ड







बाबर ने अब तक 123 मैचों में 39.57 की औसत से 4234 रन बनाए है, लेकिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उनका स्ट्राइक रेट और छक्कों की संख्या कम है

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने शुक्रवार रात लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 18 गेंदों पर 11 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

बाबर ने अब तक 123 मैचों में 39.57 की औसत से 4234 रन बनाए हैं, लेकिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उनका स्ट्राइक रेट और छक्कों की संख्या कम है। बाबर का स्ट्राइक रेट 128.77 है और उन्होंने 73 छक्के लगाए हैं। इस मामले में रोहित, कोहली, जोस बटलर और पॉल स्टर्लिंग उनसे आगे हैं।

### रोहित और विराट का कमाल का स्ट्राइक रेट

रोहित का स्ट्राइक रेट 140.89 है और उन्होंने अपने करियर में 205 छक्के लगाए हैं। विराट का स्ट्राइक रेट 137.04 है और उन्होंने 124 छक्के लगाए हैं। रोहित बटलर का स्ट्राइक रेट 148.97 है और उन्होंने 172 छक्के लगाए हैं जबकि आयरलैंड के स्टर्लिंग का स्ट्राइक रेट 134.86 है और उन्होंने 133 छक्के लगाए हैं।

### रोहित के शतक बाबर से ज्यादा

रोहित ने 159 टी20 मैचों में 32.05 की औसत से 4231 रन बनाए, जबकि कोहली ने 125 मैचों में 48.69 की औसत से 4188 रन बनाए। रोहित रन बनाने वालों में दूसरे और कोहली तीसरे नंबर पर हैं। इन दोनों ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है। बाबर का टी20 में औसत 39.57 का है। बाबर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीन शतक और 36 अर्धशतक लगाए हैं, जबकि रोहित के नाम पांच शतक और 32 अर्धशतक हैं। वहीं, कोहली ने एक शतक और 38 अर्धशतक लगाए हैं।

### पाकिस्तान-दक्षिण अफ्रीका दूसरे टी20 में क्या हुआ?

पाकिस्तान ने लाहौर में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 19.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई।

जवाब में पाकिस्तान ने 13.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। बाबर के अलावा सैम अयूब ने 38 गेंद में 71 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा साहिबजादा फरहान ने 28 रन बनाए। पहला टी20 दक्षिण अफ्रीका ने अपने नाम किया था। सीरीज का आखिरी और निर्णायक टी20 आज लाहौर में ही खेला जाएगा।

# 21वीं सदी में भारतीय महिला टीम की 7 सबसे यादगार वनडे जीत

## इनमें से दो तो सेमीफाइनल में मिली

**आइए नजर डालते हैं 21वीं सदी की उन ऐतिहासिक जीतों पर जिन्होंने भारत के महिला क्रिकेट की पहचान बदली।**

**मुंबई।** भारत ने 2025 महिला वनडे विश्व कप में इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को हराते हुए महिलाओं के वनडे इतिहास में सबसे बड़ा सफल चेज पूरा किया। इस जीत ने न केवल ऑस्ट्रेलिया की 15 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ा, बल्कि भारत को फाइनल में पहुंचाकर यह सुनिश्चित किया कि इस बार फॉर्मेट में नया चैंपियन मिलेगा।

यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे यादगार जीतों में से एक बन गई, लेकिन यह पहली बार नहीं था जब भारत ने असंभव को संभव किया। आइए नजर डालते हैं 21वीं सदी की उन ऐतिहासिक जीतों पर जिन्होंने भारत के महिला क्रिकेट की पहचान बदली।



### 2005 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल: न्यूजीलैंड पर 40 रनों की जीत

2005 में भारत ने पहली बार महिला विश्व कप के फाइनल में कदम रखा और वह भी मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड को 40 रनों से हराकर। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरूआत खराब रही। दो शुरूआती विकेट जल्दी गिर गए, लेकिन अंजुम चोपड़ा और कप्तान मिताली राज ने साझेदारी से पारी को संभाला। दोनों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। अंजुम के आउट होने के बाद मिताली ने जिम्मेदारी खुद उठाई और नाबाद 91 रन बनाते हुए भारत को 204/6 तक पहुंचाया।

जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 13 पर दो विकेट गंवा चुकी थी, फिर नूशिन अल खदीर ने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट निकालकर मैच का रुख पलट दिया। मारिया फाही (73 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन भारत की अनुशासित गेंदबाजी ने दक्षिण अफ्रीका को 164 पर रोक दिया। इस जीत ने भारत को पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचाया और महिला क्रिकेट के लिए एक नया युग शुरू हुआ।

**2017 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल: हरमनप्रीत का तूफान, ऑस्ट्रेलिया पर 36 रनों की जीत**

बारिश से बाधित रहे इस सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर का तूफान आया। 42 ओवर के मुकाबले में हरमनप्रीत ने 115 गेंदों पर नाबाद 171 रन ठोके, जो भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे प्रसिद्ध पारियों में से एक बनी। भारत 35/2 पर संघर्ष कर रहा था, जब हरमनप्रीत क्रीज पर आईं। उन्होंने पहला पचासा 64 गेंदों में और अगले दो 50 रन केवल 43 गेंदों में पूरे किए। भारत ने 281/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआत में कोशिश की, एलिस विलानी (75) और एलेक्स ब्लैकवेल (90) ने संघर्ष किया, लेकिन अंत में दीप्ति शर्मा ने ब्लैकवेल को बोल्ड कर भारत को जीत दिलाई। यह जीत सिर्फ फाइनल तक का टिकट नहीं थी, बल्कि महिला क्रिकेट को भारत के घर-घर तक पहुंचाने का मोड़ थी। जेमिमा रॉड्रिग्स को भी इसी मैच ने प्रेरित किया था।

2018 नागपुर वनडे: इंग्लैंड पर एक विकेट से रोमांचक जीत

2017 विश्व कप फाइनल के बाद भारत और इंग्लैंड की पहली भिड़ंत फिर से रोमांच से भरी रही। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रन बनाए। भारत ने जवाब में स्मृति मंधाना (86 रन) के दम पर 166/3 तक पहुंचते हुए जीत की ओर कदम बढ़ाए, लेकिन मिडिल ऑर्डर के ढहने से टीम 190/9 पर संकट में आ गई। आखिर में एकता बिष्ट और पूनम यादव ने आखिरी विकेट के लिए 18 रनों की नाबाद साझेदारी की और भारत को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। यह जीत इंग्लैंड जैसे चैंपियन को मात देने के साथ भारत के आत्मविश्वास की नई कहानी थी।

2021 मैकाय वनडे: ऑस्ट्रेलिया की 26 मैचों की जीत का अंत, दो विकेट से जीत

ऑस्ट्रेलिया लगातार 26 मैच जीत चुका था, लेकिन भारत ने यह सिलसिला तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 264/9 बनाए, जिसमें बेथ मूनी और एश्ले गार्डनर ने अर्धशतक जड़े।

भारत ने शेफाली वर्मा और यस्तिका भाटिया की साझेदारी से शानदार शुरूआत की। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। मुकाबला आखिरी ओवर में पहुंच गया। भारत को एक वक्त चार रन की जरूरत थी और दो विकेट बाकी थे। झूलन गोस्वामी ने निकोल कैरी की गेंद पर ऊंचा ड्राइव खेला और भारत ने जीत हासिल की। यह न सिर्फ झूलन का लम्हा था, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट के आत्मविश्वास का भी प्रतीक बना। यह मैच भारत की 1999 के बाद इंग्लैंड में पहली वनडे सीरीज जीत बना। साथ ही यह झूलन गोस्वामी के शानदार करियर का आखिरी मैच भी था।

# 20 साल बाद थमा एक युग! स्टार भारतीय एथलीट रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित हस्तियों में से एक, रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से अपने संन्यास की घोषणा की है। यह घोषणा उनके करियर की आखिरी पारी का संकेत थी, लेकिन बोपन्ना ने इसे अलविदा नहीं कहा, बल्कि उन्होंने इसे एक धन्यवाद का रूप दिया। 20 साल से ज्यादा लंबे करियर में उन्होंने भारत को कई ऐतिहासिक पल दिए और खुद को भारतीय टेनिस का स्थायी चेहरा बना लिया।



लंबा और गौरवशाली करियर

रोहन बोपन्ना का करियर प्रेरणा और निरंतरता का उदाहरण रहा है। उन्होंने 20 से अधिक वर्षों तक टेनिस के शीर्ष स्तर पर खेलते हुए भारत का नाम रोशन किया। डबल्स स्पेशलिस्ट के रूप में उनकी गिनती विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में की जाती रही। उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और कई बार भारतीय ध्वज को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऊंचा किया। यह वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40+ की उम्र में भी ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई और युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल कायम की। बोपन्ना ने 2017 में फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स का खिताब गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ जीता था और 2024 में मैथ्यू एबडन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था।

**'जिसने जीवन को अर्थ दिया, उससे विदाई कैसे लूं'**

बोपन्ना ने अपने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की। उन्होंने लिखा, 'जिस चीज ने मेरे जीवन को अर्थ दिया, उससे विदाई कैसे लूं? 20 अविस्मरणीय वर्षों के बाद अब समय आ गया है कि मैं आधिकारिक तौर पर अपना रैकेट टांग दूं। कूर्ग में अपनी सर्व को मजबूत करने के लिए लकड़ी काटने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एरेना की रोशनी में खड़े होने तक, यह सब अविश्वसनीय लगता है। भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। जब भी मैं कोर्ट पर उतरा, मैंने तिरंगे, उस भावना और उस गर्व के लिए खेला।'

उन्होंने आगे लिखा, 'शायद मैं अब प्रतिस्पर्धा से दूर जा रहा हूं, लेकिन टेनिस के साथ मेरी कहानी खत्म नहीं हुई है। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है और अब मैं इसे लौटाना चाहता हूं, ताकि छोटे शहरों से आने वाले युवा सपने देखने वाले यह विश्वास कर सकें कि उनकी शुरूआत उनके सीमाओं को तय नहीं करती।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार ऋषभ पंत

**बंगलूरू।** ऋषभ पंत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड में पैर में फ्रैक्चर के बाद से मैदान से बाहर चल रहे इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज ने पुष्टि की है कि वह अब उस चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं जिसके कारण वह महीनों तक मैदान से बाहर रहे थे। पंत फिलहाल भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बंगलूरू में खेले जा रहे पहले अनौपचारिक टेस्ट में हिस्सा ले रहे हैं और टीम की अगुआई कर रहे हैं।

**वोक्स की गेंद पर चोटिल हुए थे पंत :** पंत को इंग्लैंड में मैनचेस्टर टेस्ट मैच के दौरान चोट लगी थी। क्रिस वोक्स के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में, गेंद उनके दाहिने पैर पर लग गई थी जिससे फ्रैक्चर हो गया था। अपने लचीले स्वभाव के अनुरूप पंत शुरूआत में रिटायर्ड हर्ट होने के बाद भी अपनी पारी जारी रखने के लिए क्रीज पर लौटे और एक बार फिर अपने खेल की पहचान बने दृढ़ संकल्प और साहस का परिचय दिया।

**दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ की वापसी:** पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच से भी बाहर हो गए थे, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया। पंत इस मैच में बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन 17 रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए। ये महीनों के रिहैबिलिटेशन के बाद



उनका पहला मैच था। मैच से इतर पंत ने अपनी रिकवरी यात्रा के बारे में बताया और इस बात पर राहत व्यक्त की कि उनकी उपचार प्रक्रिया कितनी आसानी से पूरी हो गई।

**सीओई स्टाफ को दिया धन्यवाद:** पंत ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए एक वीडियो में कहा, प्रक्रिया का पहला चरण था घाव भरना। पहले छह सप्तान तक आपको फ्रैक्चर को ठीक होने देना होता है और फिर सीओई को रिपोर्ट करना होता है। शुक्र है घाव ठीक से भर गया। मैंने धीरे-धीरे रिहैब शुरू किया। शुरूआती दिनों में काफी फिजियोथेरेपी और सावधानीपूर्वक निगरानी की जरूरत पड़ी। जब मैं कुछ हद तक चलने-फिरने में सक्षम हो गया, तो मैंने अपनी ताकत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना शुरू किया, जो दूसरे चरण की शुरूआत थी। अभी मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो गया हूं और इस दौरान मेरी मदद करने के लिए मैं सीओई स्टाफ का बहुत आभारी हूं।

# मामूली कहासुनी में युवक की कैंची घोंपकर हत्या

## विजय नगर पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर थानाक्षेत्र में शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी में एक युवक की कैंची से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। मामला 31 अक्टूबर की रात का है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रविन्द्र के रूप में हुई है, जो विजयनगर में स्थित एक कार शोरूम में मैकेनिक का काम करता था।

वहीं आरोपी पवन सिंह इंदिरापुरम क्षेत्र में ड्राइवर है। दोनों शराब की दुकान के पास स्थित एक कॉन्फेक्शनरी शॉप पर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई, जो देखते-देखते विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी पवन ने दुकान में



रखी कैंची से रविन्द्र की छाती पर कई वार कर दिए। घटना के बाद घायल रविन्द्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस दौरान बचाव में आए मृतक के दोस्त सन्नी (रॉबिन) भी घायल हुए। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया



मृतक फाईल फोटो

है कि थाना विजयनगर में जितेन्द्र सिंह निवासी शिवपुरी गली नंबर 11, की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल कैंची भी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# नगर निगम ने बढ़ाई यूजर चार्ज वसूली की रफ्तार

## 7 महीनों में वसूले 5.65 करोड़


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान में तेजी लाते हुए यूजर चार्ज वसूली में बढ़त दर्ज की है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष के सात महीनों में 5 करोड़ 65 लाख की वसूली की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की 5 करोड़ 19 लाख की तुलना में अधिक है। शहर में 600 से अधिक कूड़ा कलेक्शन वाहन तैनात हैं, जिनकी निगरानी व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही है। हर घर से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है तथा ट्रांसफर स्टेशन से प्रोसेसिंग यूनिट तक नियमित निस्तारण किया जा रहा है।



मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय ने बताया कि वसूली अभियान को गति देने के लिए निगम के सभी जोनों में अलग काउंटर बनाए गए हैं। इसके साथ ही 47 मशीनों के माध्यम से भी भुगतान लिया जा रहा है। डोर-टू-डोर कलेक्शन में केवल चेक और पेमेंट स्वीकार किए जाते हैं, जबकि ऑनलाइन भुगतान की सुविधा के माध्यम से उपलब्ध है।

वसूली कार्य ग्लोबल ई विलेज सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की निगरानी में चल रहा है। सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप नहक और प्रोजेक्ट मैनेजर पलवी इस प्रक्रिया को मॉनिटर कर रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल के किया भंडारा वितरण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जनसंपर्क कार्यालय पर कार्तिक माह भंडारे का 25वां दिन शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल सहित भजापा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कार्तिक माह भंडारे का आयोजन सेवा भाव से किया जा रहा है, जिसमें हजारों माता बहनों, भाइयों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज में सेवा भाव और एकता की भावना को बढ़ावा देता है।



सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कार्तिक माह भंडारे का आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें हम सभी को सेवा भाव से जुड़ने का मौका मिलता है। विधायक अजीत पाल ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण में भाग लिया। इस अवसर पर प्रीति भारद्वाज, अमृता सिंह, भावना शर्मा, गीता सिंह, हेमा शारदा, पूनम चौधरी, सुनील शर्मा, सतीश शर्मा, परविंदर, कुलदीप कसाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद, अजय शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाशंकर तोमर, विनय त्यागी, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, मंडल अध्यक्ष प्रताप चौधरी, पुनीत सिंह, योगेश शर्मा, मदन राय, पार्षद सतीश शर्मा, आलोक शर्मा, अभिषेक शर्मा, भूपेंद्र उपाध्याय पार्षद, अजय शर्मा, पवन रेड्डी, कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्रसेन भवन में श्याम जन्मोत्सव की धूम, अमन-रमन के भजनों पर झूमे भक्त



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के अग्रसेन भवन में भव्य रूप से आयोजित श्याम जन्मोत्सव में शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अमन व रमन ने अपनी मधुर वाणी में ब्रज-भाव से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ दीं। भजनों की धुनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके और प्रेम व भक्ति के रस में विह्वल हो उठे। कार्यक्रम के दौरान गाए गए प्रमुख भजन गीतों में शामिल थे – जरा कान खोल कर बात मेरी सुन ले रे, पिया मैं तो वृंदावन जाऊँगी / मेरी लगी श्याम संग प्रीत, ये दुनिया क्या जाने।

उक्त भजनों ने श्याम भक्तों के मन में गहरा प्रभाव छोड़ा। इस आयोजन का मंच-सजावट एवं संगीत-संयोजन भक्तिमय माहौल के अनुरूप था। आयोजकों ने आने वाले समय में ऐसे सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।



## बधाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देने के लिए सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल पहुंचे। ललित जायसवाल ने अनिल अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, यशस्वी जीवन और सर्व मंगल की कामना करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने भी सहर्ष बधाई स्वीकार की और ललित जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

# पवन गोयल फिर बने फर्रुखनगर नवजीवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक

## प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, सभी पदाधिकारी बिना विरोध चुने गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवजीवन इंटर कॉलेज फर्रुखनगर गाजियाबाद की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में पवन गोयल को एक बार फिर से कॉलेज का प्रबंधक निर्विरोध रूप से चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी भी निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए, जिनमें विरेन्द्र कुमार अध्यक्ष, सुभाष त्यागी उपाध्यक्ष, विजय कुमार गोयल उप-प्रबंधक, ओमकार नाथ कोषाध्यक्ष, तथा सदस्य के रूप में सुन्दर लाल गोयल, राकेश गर्ग, बलवीर सिंह, विशु गोयल, रणवीर सिंह, कन्हैया लाल और मनमोहन दयाल का चयन किया गया।

पवन गोयल इससे पूर्व भी कॉलेज के प्रबंधक पद पर निर्विरोध रूप से चुने जा चुके हैं। संस्था सन1940 से नवजीवन इंटर कॉलेज का संचालन कर रही है और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान दे रही है।

# वार्ड 74 की समस्याओं पर नरेश भाटी सख्त

## 'सफाई, सीवर, लाइट' का तुरंत होगा समाधान : पार्षद

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड 74 की समस्याओं को लेकर हमेशा वार्ड में मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड 74 में रोज सुबह 4 घंटे टाइम सफाई, सीवर, लाइट की समस्या होती है, जिसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि वे वार्ड 74 के निवासियों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सफाई, सीवर, लाइट की समस्या के कारण लोगों को परेशानी हो रही है, जिसका समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। पार्षद नरेश भाटी ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे वार्ड 74 की समस्याओं का समाधान करने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि वे वार्ड 74 के निवासियों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 7 से 11 बजे तक वार्ड में रहते हैं वहीं शाम को भी लोगों से मिलकर जो भी समस्या होती है उसका समाधान करने की कोशिश की जाती है।




# गाजियाबाद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारी तेज

## बीएलओ 4 नवम्बर से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे, नगर मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय ने दिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में आगामी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर जनपद गाजियाबाद में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नगर मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष उपाध्याय ने बताया कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 के बीच सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और मतदाताओं को उन्हें भरने में सहायता प्रदान करेंगे।



उन्होंने बताया कि जिले के सभी पाँच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 29.62 लाख मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जाएगा। जो घर बंद मिलेंगे, वहाँ बीएलओ प्रपत्र डालेंगे और तीन बार पुनः संपर्क करेंगे। साथ ही, मतदाता चाहे तो अपना भरा हुआ प्रपत्र और आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल https://voters.eci.gov.in पर भी जमा कर सकते हैं। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट रोल में नहीं है या दस्तावेज अपूर्ण हैं, तो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नोटिस जारी कर पात्रता की जांच करेगा। प्रशिक्षण सत्र में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# गाजियाबाद पुलिस महकमे में क्यों चर्चा में है एक लेटर




गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के पुलिस महकमे में इन दिनों एक लेटर की चर्चा जोरों पर हो रही है। यह लेटर एडिशनल पुलिस कमिशनर आलोक प्रियदर्शी की ओर से यातायात विभाग के सभी पुलिसकर्मियों को लिखा गया है। लेटर में कहा गया है कि यातायात पुलिस कर्मचारियां की रिपोर्ट लिखवाकर अधिकारियों द्वारा निस्तारण के लिए पांच हजार रुपए की डिमांड की जांच की जा रही है। इसके लिए यदि कोई यातायात पुलिसकर्मी अपना बयान दर्ज कराना चाहता है या इस संबंध में कोई जानकारी देना चाहता है तो किसी भी कार्य दिवस पर अपना बयान दर्ज करा सकता है। जानकारी देने वाले का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।




## किस थ्री-स्टार ने पहले ही दिन नहीं माना आदेश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो अधिकांश अधिकारियों और थ्री-स्टार से लेकर अन्य पुलिसकर्मी सर्दी वाली वर्दी में आ चुके हैं। पर शनिवार को लाइन में एक अलग नजारा देखने को मिला है। एक लाइन वाले थ्री-स्टार जिनके कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, वह भी उच्च अधिकारियों के निर्देश वाली ड्रेस में नजर नहीं आए। वैसे बता रहा है जा रहा है कि वह लाइन की तमाम व्यवस्थाओं से लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हैं। अधिकारियों के सीधे संपर्क में रहते हैं, लिहाजा उनके पास भी लखनऊ वाले अधिकारियों का आदेश और निर्देश पहुंचा ही होगा। बावजूद उसके वो सिंघम वाले स्टाइल में नजर आए जबकि इस कार्यक्रम में कमिश्नरेट में द्वितीय-तृतीय स्तर के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। उनके सामने भी वह अपनी मर्जी की ड्रेस में घूम रहे थे। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि बीते दिनों पुलिस मुख्यालय से एक नवंबर से दिन और रात दोनों समय के लिए सर्दी वाली वर्दी का आदेश आया था लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थ्री-स्टार पहले ही दिन उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करते हुए नजर आए। अब यह गलती उनसे किस वजह से हुई है ,इसका जवाब तो वो ही दें पाएंगे। वहीं उच्च अधिकारियों को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए। वहीं लाइन वाले इलाके में जिसने भी वर्दी वाला यह सीन दिखा वह गुपचुप चर्चा करने लगा। उधर चर्चा इस बात की भी हो रही है कि कार्यक्रम में एक डीसीपी स्तर के अधिकारी भी वर्दी मनमर्जी वाली ही पहने हुए थे। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों सरल और मधुर स्वभाव के अधिकारियों की वजह से कुछ लोग मनमर्जी वाला ताना-बाना बुन रहे हैं, जो गलत कहा जा रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अगर पुलिस महकमे आने वाले दिनों में वर्दी को लेकर इसी तरीके का रवैया रहा तो पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी कुछ थानों, लाइन और कार्यालयों का निरीक्षण कर कुछ पुलिसकर्मियों को निर्देश और दंड भी दे सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट के साथ-साथ कमिश्नरेट वाली लिस्ट पर भी मंथन शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि कुछ पूर्व में रहे कोतवाल फिर प्रभार पा सकते हैं। देखना होगा, इस लिस्ट में किसका नाम आता है, किस पर कृपा होती है और किसको अभी अगली लिस्ट का वेट करना पड़ता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि नवंबर का यह सप्ताह तबादलों की सूचनाओं से भरा रहने वाला है।



# ग्रामीण युवाओं के लिए फिर शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कुल मोहित सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवक-नवयुवतियों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना पुनः शुरू की गई है।

इस योजना के तहत ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां पारंपरिक उद्योग या सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण लेकर स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। सामान्य वर्ग को परियोजना लागत का 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं देना होगा, जबकि शेष ब्याज शासन वहन करेगा।

महिला और आरक्षित वर्ग को पूरा ब्याज उपादान के रूप में शासन से मिलेगा।




इच्छुक व्यक्ति योजना के ई-पोर्टल mmgrykhadi. upsdc. gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाणपत्र व प्रोजेक्ट रिपोर्ट अपलोड करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, ए-1 मेरठ रोड, औद्योगिक क्षेत्र, सिहानी चुंगी, गाजियाबाद या दूरभाष 8920068444 पर संपर्क कर सकते हैं।

# गाजियाबाद के ग्राम पंचायतों में बनेंगे शॉपिंग मॉल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने कार्य शुरू किया है। इसी कड़ी में अब ग्राम पंचायतों के अंदर शापिंग माल बनाने की तैयारी है, इसके लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। जमीन मिलने के बाद ग्राम पंचायत में माल बनाने का कार्य शुरू कराया जाएगा।

गाजियाबाद जिले का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। वर्तमान में जिले में कुल 142 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में रहने वाले लोग खरीदारी के लिए बाहर न जाएं, बल्कि ग्राम पंचायत में ही शापिंग माल के अंदर ही आकर खरीदार करें, इस तरह की योजना तैयार की जा रही है। माडल के रूप में पहले जिले की शहर से सटी किसी एक ग्राम पंचायत में शापिंग माल बनाया जाएगा।

इसके अंदर दुकानें होंगी, जिनको ग्राम पंचायत की सहमति के आधार पर ग्राम पंचायत में रहने वाले लोगों को संचालन के लिए दिया जाएगा। दुकानों का किराया ग्राम पंचायत के विकास कार्य में खर्च किया जाएगा, इससे बुनियादी सुविधाओं के लिए आर्थिक परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि इस तरह की पहल उन्होंने रामपुर में की थी, वहां पर एक ग्राम पंचायत में शापिंग माल बनाया गया है। जो वर्तमान में संचालित है, माल के अंदर 43 दुकानें संचालित हैं। दुकानों के किराए से ग्राम पंचायत में विकास कार्य होते हैं।

# पीड़ित महिला ने भूमाफियाओं पर कब्जा व जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप



## पुलिस ने कार्रवाई का दिया आश्वासन


**लोनी, करंट क्राइम।** भूखंड पर जबरन कब्जा करने व गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक पीड़ित महिला ने तीन दबंग अपराधी किस्म के भूमाफियाओं व उनके कुछ अन्य साथियों के विरुद्व रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एसीपी व तहसील दिवस में शिकायत पत्र दिया है। आलाधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

लोनी थाना क्षेत्र की बंथला चौकी के सामने घिटौरा गांव निवासी रेशा पत्नी प्रदीप ने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि उसने टीला गांव निवासी नबाब सिंह पुत्र अतर सिंह से एक वर्ष पूर्व बंथला चौकी के सामने 143 बर्ग गज का भूखंड खरीदा था जिसका बैनामा 23 अक्टूबर 2024 को करा लिया था तथा दाखिल खारिज भी हो गया है लेकिन कुछ दिनों से जिसने प्लाट दिलवाया वही अपने गुर्गो के साथ उसी प्लाट में कब्जा करने के लिए अवैध असलाहों से लैस होकर प्लाट पर जाकर अपना हक जमाने लगा जब महिला रेशा ने विरोध किया तो उसे गाली गलौज किया तथा उसके बृद्व ससुर रमेश के ऊपर पिस्टल तान दी और प्लाट से भाग जाने की धमकी दी तथा मारपीट पर उतारु हो गए और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित महिला रेशा ने बताया कि तीनों दबंग भूमाफिया अपराधी किस्म के हैं तथा कई वार जेल भी जा चुके हैं पीड़िता ने एसीपी सिधार्थ गौतम व तहसील दिवस में शिकायत पत्र देकर दबंग भूमाफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने के लिए तहरीर दी है अधिकारियों ने जल्द भूमाफियाओं के विरुद्व मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गाजियाबाद में बंदरों का आतंक, झुंड ने गिराई दीवार, एक महिला की मौत, कई घायल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बंदरों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब तो बंदरों के आतंक से लोगों की जान भी जाने लगी है। ऐसी ही एक घटना मोदी नगर में सामने आई है। बंदरों के झुंड ने एक मकान के बालकनी की दीवार को गिरा दिया। दीवार के नीचे खड़ी महिला को गंभीर चोट आई महिला को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी गए। घटना शुक्रवार रात की है। जानकारी के अनुसार, मोदीनगर की सुदामापुरी कॉलोनी में बंदरों के झुंड ने एक मकान के बालकनी की दीवार गिरा दी। इससे नीचे खड़ी एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य 7 लोग घायल हो गए।

पड़ोस में ही शादी के पूर्व का एक मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान महिला और अन्य लोग सड़क किनारे खड़े थे। तभी पास के मकान की छत पर बंदरों के झुंड आ गया। बंदरों ने मकान की दीवार हिलाना शुरू कर दिया। दीवारों पर बंदरों के झुंड ने उछल कूद की, जिसके कारण दीवार का मलबा गिर गया। इससे नीचे खड़ी महिला राजकुमारी (45) के सिर में ईंटें लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य 6-7 लोगों को थोड़ी चोटें आईं। मकान जर्जर हालत में था, जिसके कारण दीवार गिरी।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जन्मदिन पर जब बड़ों का आशीर्वाद मिलता है तो उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। अपने जन्मदिन पर सांसद अतुल गर्ग से मिले इस आशीर्वाद को पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल ने फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यूक्रेन का रूस को बड़ा झटका, मॉस्को के पास कोल्टसेवॉय पाइपलाइन पर हमला, क्या होगा असर?

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग अब और भयानक होती जा रही है। एक दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया था कि रूस ने पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र में करीब 1,70,000 सैनिक तैनात किए हैं, जो कि पोक्रोवस्क पर कब्जा करने की कोशिश हैं। इस बीच अब यूक्रेन की सेना ने रूस को बड़ा झटका दिया है। यूक्रेन ने मॉस्को के पास रूस की सबसे महत्वपूर्ण ईंधन पाइपलाइन पर हमला किया है।



रूस के ताबड़तोड़ हमलों के बाद अब यूक्रेन भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। यूक्रेन ने रूस को बड़ा झटका देते हुए मॉस्को में रूस में एक महत्वपूर्ण तेल उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क को निशाना बनाया है।

यूक्रेन की रूस पर तगड़ी मार!

यूक्रेनी सेना ने मॉस्को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ईंधन पाइपलाइन को निशाना बनाया है, जो रूसी सेना को आपूर्ति करती है। यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने शनिवार (01 नवंबर) को यह दावा किया। यह दावा ऐसे समय में आया है जब रूस यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगातार बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमलों का अभियान चला रहा है।

## रूस के सैन्य रसद के लिए बताया गंभीर झटका

टेलीग्राम मैसेजिंग चैनल पर जारी एक बयान के अनुसार यह कार्रवाई शुक्रवार देर रात की गई। एजेंसी, जिसे संक्षिप्त नाम एचयूआर (हूर) के नाम से जाना जाता है, उसने इसे रूस के सैन्य रसद के लिए एक गंभीर झटका बताया है। कोल्टसेवॉय पाइपलाइन, जिसे मॉस्को रिंग पाइपलाइन के नाम से भी जाना जाता है, वो रूस की एक महत्वपूर्ण तेल उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क है। यह रूस के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 400 किलोमीटर है।

## मॉस्को क्षेत्र के रामेंस्की में बनाया निशाना

हूर ने कहा कि यूक्रेनी बलों ने कोल्टसेवॉय पाइपलाइन पर हमला किया, जो 400 किलोमीटर (250 मील) तक फैली है और रूसी सेना को रियाजान, निजनी नोवगोरोड और मॉस्को की रिफाइनरियों से गैसोलीन, डीजल और जेट ईंधन की आपूर्ति करती है। आगे कहा गया कि इस कार्रवाई में, जिसमें रामेंस्की के पास बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जिसमें तीनों ईंधन लाइनें नष्ट हो गईं। यह पाइपलाइन सालाना 30 लाख टन जेट ईंधन, 28 लाख टन डीजल और 16 लाख टन गैसोलीन का परिवहन करने में सक्षम है।

हूर के प्रमुख किरिलो बुडानोव ने रूस पर उसके पूर्ण युद्ध और फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के कारण लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कहा, हमारे हमलों का प्रतिबंधों से ज्यादा असर हुआ है।

## रूसी मिसाइल हमले में एक की मौत, 15 अन्य घायल

वहीं स्थानीय अधिकारी विटाली किम ने बताया कि शनिवार सुबह दक्षिणी यूक्रेन में रूस द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल से किए गए हमले में एक नागरिक की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि माइकोलाइव क्षेत्र में हुए हमले में घायल हुए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है और रूस ने इस्कंदर मिसाइल का इस्तेमाल किया। ये ताजा हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब रूस यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर रहा है। इन हमलों के कारण इस हफ्ते की शुरूआत में पूरे यूक्रेन में बिजली गुल हो गई, जिसे कीव ने व्यवस्थित ऊर्जा आतंक बताया है। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार मास्को ने शनिवार रात तक यूक्रेन पर 223 ड्रोन दागे, जिनमें से 206 को मार गिराया गया।

# अमेरिका में हैलोवीन के मौके पर आतंकी हमला नाकाम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने दावा किया है कि मिशिगन में संभावित आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हैलोवीन सप्ताह के मौके पर कुछ संदिग्ध आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। हालांकि काश पटेल ने ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन विभिन्न रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मामला चरमपंथियों के समूह से जुड़ा है, जो हैलोवीन के मौके पर हमले की योजना बना रहे थे।

## काश पटेल ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में काश पटेल ने कहा कि 'आज सुबह एफबीआई ने एक संभावित आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया और मिशिगन में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर हैलोवीन सप्ताह पर एक हिंसक हमले की साजिश रच रहे थे। और ज्यादा जानकारी जल्द ही आएगी। एफबीआई और हर जगह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उन सभी पुरुषों और महिलाओं को धन्यवाद जो 24 घंटे पहरा दे रहे हैं और देश की रक्षा करने के हमारे मिशन को पूरा कर रहे हैं।' हालांकि काश पटेल ने ये नहीं बताया कि एफबीआई ने मिशिगन में कहां कार्रवाई की, लेकिन मिशिगन पुलिस ने बताया कि डियरबोर्न इलाके में एफबीआई ने एक ऑपरेशन किया है।

## संदिग्धों के चरमपंथियों के संपर्क में होने का शक

डियरबोर्न इलाका फोर्ड मोटर कंपनी के मुख्यालय के लिए प्रसिद्ध है और इस शहर में अरब अमेरिकी मूल की आबादी बड़ी संख्या में है। ये पता नहीं चल पाया है कि ये आतंकी हमला किस तरह का था। राष्ट्रपति ट्रंप के शासन में लैटिन अमेरिकी ड्रग तस्करों और फासीवादी विरोधी अभियान एंटीफा को भी आतंकी घोषित किया गया है।

# दूसरे महीने में पहुंचा अमेरिकी शटडाउन सरकारी कर्मचारी कंगाल, भूख से जूझ रहे परिवार

● फंड खत्म होने के कगार पर है और इस सप्ताहांत से इसका असर लोगों की रसोई तक पहुंचने लगा है




**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन में एक महीने पहले शुरू हुआ सरकारी गतिरोध अब पूरे देश में संकट का रूप ले चुका है। 1 अक्तूबर से शुरू हुआ यह सरकारी शटडाउन अब दूसरे महीने में पहुंच गया है और इसके कारण लाखों अमेरिकी मुश्किल में हैं। सरकारी कर्मचारी तंगी में हैं, कई के पास खाने के पैसे नहीं बचे हैं, और जरूरी सेवाएं धीरे-धीरे ठप पड़ रही हैं।

**क्यों हुआ शटडाउन?**

सरकार और विपक्ष के बीच स्वास्थ्य बीमा के फंड को लेकर टकराव जारी है। यह वही योजना है जिससे करीब 2 करोड़ अमेरिकी सस्ती दरों पर स्वास्थ्य बीमा ले पाते हैं। विपक्षी डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक इन सब्सिडी को बहाल करने का समझौता नहीं होता, सरकार दोबारा नहीं खुलेगी। वहीं सत्ता पक्ष यानी रिपब्लिकन पार्टी का रुख है कि बातचीत तभी होगी जब सरकार को पहले दोबारा खोला जाए। इस राजनीतिक खींचतान के चलते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपकी सरकार ठप पड़ी है।

**सरकारी कर्मचारियों की बदहाली:** फेडरल दफ्तर बंद हैं, और हजारों सरकारी कर्मचारी पिछले कई हफ्तों से वेतन नहीं पा सके हैं। कई कर्मचारियों को अब खाने के लिए फूड बैंक पर निर्भर रहना पड़ रहा है। रिपब्लिकन नेता टॉम एमर ने कहा, 'पिछले महीने ट्रंप ने सैनिकों को वेतन दिलाने का तरीका निकाल लिया था, इसलिए लोगों को असर देर से दिखा। लेकिन अब हालात गंभीर हो रहे हैं।'

सबसे बड़ा झटका पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) को लगा है। यह योजना 4.2 करोड़ गरीब अमेरिकियों को खाने का सामान खरीदने में मदद करती है। फंड खत्म होने के कगार पर है और इस सप्ताहांत से इसका असर लोगों की रसोई तक पहुंचने लगा है। रोड आइलैंड की एक अदालत ने सरकार को आपातकालीन फंड से इस योजना को जारी रखने का आदेश दिया है, लेकिन व्हाइट हाउस कानूनी कारण बताकर पैसे जारी करने से हिचक रहा है। वहीं कृषि सचिव ब्रुक रोलिन्स से जब पूछा गया कि क्या वे अदालत के आदेश का पालन करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'हम सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।'

# अमेरिका में बच्चों के फ्लोराइड सप्लीमेंट पर एफडीए की सख्ती

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एफडीए ने बच्चों के लिए फ्लोराइड सप्लीमेंट के उपयोग पर नई पाबंदियां लगाई हैं। तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इसे असुरक्षित बताते हुए एजेंसी ने चेताया है कि यह आंत, वजन और दिमाग पर असर डाल सकता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बच्चों के लिए फ्लोराइड सप्लीमेंट्स के उपयोग पर सख्ती दिखाते हुए नई सीमाएं तय की हैं। नई गाइडलाइन के तहत, अब तीन साल से कम उम्र के बच्चों को ये सप्लीमेंट नहीं दिए जाएंगे, जबकि बड़े बच्चों को भी केवल उन्हीं मामलों में इसकी अनुमति होगी, जहां दांतों में गंभीर सड़न या क्षय का खतरा हो। एजेंसी का कहना है कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। पहले ये सप्लीमेंट्स छह महीने के बच्चों तक को दिए जा सकते थे।

# 'संवाद से बनता है भरोसा, एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत', आसियान बैठक में बोले मलयेशियाई रक्षा मंत्री

**कुआलालंपुर।** आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद खालिद नोरदिन ने क्षेत्रीय सहयोग और संवाद की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि एडीएमएम प्लस की स्थापना को 15 वर्ष पूरे हो गए हैं और यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद भरोसे को मजबूत करता है और एकता ही आसियान की सबसे बड़ी रक्षा है।

वैश्विक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त

नोरदिन ने कहा आज दुनिया ऐसी चुनौतियों का सामना कर रही है जो सीमाओं से परे हैं। साइबर हमलों से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, खाद्य असुरक्षा से लेकर महामारी तक। साइबरस्पेस में शक्तिशाली गैर-राज्यीय तत्व समाजों को अस्थिर करने और सरकारों को चुनौती देने में सक्षम हो गए हैं। वहीं, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाएं हर दिन हमारी सहनशीलता की परीक्षा ले रही हैं।



कुआलालं पुर में आयोजित आसियान रक्षा मं त्रियों की बैठक में मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद खालिद नोरदिन ने कहा कि 15 साल से सं वाद, भरोसा और एकता ही आसियान की सबसे बड़ी ताकत रही है।

अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों की रक्षा की अपील

मलेशियाई रक्षा मंत्री ने कहा कि हर देश, बड़ा या छोटा, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवता के उल्लंघन के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा हो। उन्होंने गाजा और फलस्तीन में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। नोरदिन ने कहा भूख और अभाव को युद्ध के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। मलेशिया सभी देशों, विशेषकर बड़ी शक्तियों से आग्रह करता है कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने प्रभाव का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि मलेशिया अमेरिका की गाजा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना का स्वागत करता है।

# ब्लैकरॉक को भारतीय मूल के सीईओ ने लगाया करोड़ों का चूना!

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ब्रॉडबैंड टेलीकॉम और ब्रिजवॉयस कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ बंकिम ब्रह्मभट्ट पर धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी निवेश कंपनी ब्लैकरॉक समेत कई ऋणदाताओं के साथ कथित तौर पर 50 करोड़ डॉलर की धोखाधड़ी की है। भारतीय मूल के सीईओ पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कंपनियों के जरिए फर्जी बिल बनाकर ऋण लिया है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में मुकदमा दायर किया गया था। हालांकि, ब्रह्मभट्ट के वकील ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। निवेश समूह ब्लैकरॉक की निजी ऋण निवेश शाखा- एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स ने बंकिम ब्रह्मभट्ट के खिलाफ अगस्त में केस दर्ज कराया था। एचपीएस का कहना है कि ब्रह्मभट्ट की कंपनियों को 2020 में इस शर्त पर कर्ज दिया था कि वे ग्राहकों से मिलने वाले बकाया रकम को गिरवी रखेगें। बता दें कि एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स को इस साल की शुरूआत में ब्लैकरॉक ने खरीदा था। ऋणदाता कंपनी ब्लैकरॉक का दावा है कि जब बंकिम ब्रह्मभट्ट की कंपनियों के खातों की सत्यापन प्रक्रिया शुरू हुई, तो पता चला कि ऋण की राशि भारत और मॉरीशस से जुड़े खातों में भेज दी गई थी। बंकिम ब्रह्मभट्ट को फाइनेंस करने में फ्रांस का एक बैंक बीएनपी परिबा भी शामिल है। कर्ज की लगभग आधी राशि बीएनपी परिबा ने फंड की

इस मामले पर वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दावा किया है कि एचपीएस ने सितंबर 2020 की शुरूआत में ब्रह्मभट्ट से जुड़ी फर्मों को ऋण देना शुरू कर दिया था, बाद में 2021 में कुल निवेश



को 385 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर अगस्त 2024 तक लगभग 430 मिलियन डॉलर कर दिया। इस बैंक ने ब्रह्मभट्ट की कैरिऑक्स और अन्य सहायक कंपनियों को दिए गए कर्ज की लगभग आधी राशि फंडिंग की थी। इस कंपनी ने सितंबर 2020 में ब्रह्मभट्ट की दूरसंचार कंपनियों से संबद्ध कम से कम एक वित्तपोषण शाखा को ऋण देना शुरू किया।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2025 में धोखाधड़ी तब सामने आई जब एक एचपीएस कर्मचारी ने इनवॉइस सत्यापित करने के लिए इस्तेमाल किए गए ग्राहकों के ईमेल पतों में अनियमितताएं देखीं।

# अमेरिका फिर शुरू करेगा परमाणु परीक्षण, ट्रंप का एलान

## रूस-चीन की बढ़ती गतिविधियों का दिया हवाला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह साफ कर दिया है कि अमेरिका अब परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करेगा। ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन जैसे देश लगातार परमाणु गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, इसलिए अब अमेरिका भी पीछे नहीं रहेगा।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे शीत युद्ध के दौरान आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक भूमिगत परमाणु परीक्षणों को भी शामिल करेंगे, तो उन्होंने अप्रत्यक्ष जवाब दिया। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में कहा आपको बहुत जल्द पता चल जाएगा। लेकिन हम कुछ परीक्षण करने वाले हैं। दूसरे देश ऐसा करते हैं। अगर वे ऐसा करने वाले हैं, तो हम भी करेंगे। मैं यहां कुछ नहीं कहूंगा। उनके इस बयान के बाद वैश्विक स्तर पर नए परमाणु हथियार दौड़ की आशंका तेज हो गई है।

इससे पहले बुधवार को ट्रंप ने पेंटागन को निर्देश दिया था कि वह तुरंत परमाणु हथियारों के परीक्षण की तैयारी शुरू करे।

उन्होंने कहा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास दुनिया में सबसे अधिक परमाणु हथियार हैं। यह मेरे पहले कार्यकाल के दौरान पूरी तरह से अपग्रेड किया गया था। मुझे यह करना पसंद नहीं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं था।

## कब और क्यों रुके थे अमेरिकी परमाणु परीक्षण?

अमेरिका ने 1945 से 1992 तक कुल 1,054 परमाणु परीक्षण किए, जिनमें से अधिकतर नेवादा रेगिस्तान में हुए। पर्यावरणीय चिंताओं और शीत



युद्ध के बाद बढ़ते दबाव के चलते इन परीक्षणों पर रोक लगाई गई थी। 1963 में अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ ने आंशिक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसने वायुमंडलीय और समुद्री परीक्षणों को प्रतिबंधित किया। 1992 में अमेरिकी कांग्रेस ने भूमिगत परीक्षणों पर भी रोक लगाई।

हालांकि अमेरिका ने व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए, लेकिन अब तक इसकी रैटिफिकेशन (स्वीकृति) नहीं की गई है।

## वैश्विक प्रतिक्रिया और चिंताएं

विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से पर्यावरणीय खतरे और वैश्विक अस्थिरता बढ़ सकती है। नेवादा के सांसदों ने इसे लोक स्वास्थ्य और शांति के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यह फैसला दुनिया को फिर से शीत युद्ध जैसी स्थिति में धकेल सकता है।


राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका पहले से ही सुपरकंप्यूटर और सिमुलेशन तकनीक के जरिये अपने परमाणु हथियारों की सुरक्षा जांच करता है। दूसरी ओर, ट्रंप के समर्थक इसे रूस और चीन को चेतावनी देने का कदम बता रहे हैं। उनका तर्क है कि अमेरिका को अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए ताकि किसी को उसकी क्षमता पर संदेह न रहे।

# 'एशिया-प्रशांत सहयोग का नया दौर शुरू', चीन में होगा अगला एपीईसी शिखर सम्मेलन, जिनपिंग ने की घोषणा

**बीजिंग/ग्योंगजू ।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घोषणा की कि वर्ष 2026 का एपीईसी शिखर सम्मेलन चीन के शेनझेन शहर में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेता शामिल होंगे। दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में संपन्न इस साल की बैठक के समापन सत्र में शी ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि शेनझेन, जो कभी एक छोटा मछली पकड़ने वाला गांव था, आज आधुनिक अंतरराष्ट्रीय महानगर बन चुका है। यह चीन के खुलेपन और विकास की कहानी का प्रतीक है। आने वाले साल में हम सब इसी शहर में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

## ट्रंप–शी बैठक बनी रही चर्चा का केंद्र

इस साल के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात ने सबसे



**चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घोषणा की है कि वर्ष 2026 का एपीईसी शिखर सम्मेलन चीन के शेनझेन शहर में आयोजित होगा। इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेता शामिल होंगे।** ------------------

ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। दोनों नेताओं के बीच टैरिफ और दुर्लभ खनिजों के व्यापार को लेकर नई सहमति बनी। ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका चीन पर लगाई गई फेंटानिल टैरिफ को 20% से घटाकर 10% करेगा।

इसके बदले चीन ने अमेरिका से सोयाबीन और सेमीकंडक्टर चिप्स के आयात को मंजूरी दी और दुर्लभ खनिजों के निर्यात नियंत्रण को हटाने पर सहमति जताई। ट्रंप ने कहा कि वह अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे, जबकि शी जिनपिंग उसके बाद अमेरिका की यात्रा करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि ट्रंप भी शेनझेन शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

## क्षेत्रीय सहयोग और तकनीकी विकास पर जोर

शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में कहा एशिया-प्रशांत देशों को पारस्परिक सहयोग को और गहरा करना चाहिए, नई तकनीकों में खुला नवाचार अपनाना चाहिए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को मानवता के हित में दिशा देनी चाहिए। उन्होंने विकसित देशों से विकासशील देशों को वित्तीय, तकनीकी और क्षमता निर्माण में सहयोग देने की अपील की। शी ने कहा कि एपीईसी की असली ताकत उसकी एकजुटता और साझा दृष्टिकोण में निहित है।

## चीन के लिए शेनझेन क्यों है खास

शेनझेन चीन की आर्थिक क्रांति का केंद्र माना जाता है। 1980 के दशक में यह शहर चीन के पहले आर्थिक विशेष क्षेत्र के रूप में उभरा था। आज यहां तकनीकी, विनिर्माण और समुद्री व्यापार का मजबूत नेटवर्क है, जो इसे एपीईसी जैसे वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी के लिए आदर्श स्थान बनाता है।

# रियाद में मनमोह रही भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक उत्सव 'प्रवासी परिचय' का तीसरा संस्करण जारी

**रियाद।** सउदी अरब की राजधानी रियाद में भारतीय दूतावास में 28 अक्तूबर से 3 नवंबर 2025 तक भारतीय प्रवासी समुदाय की तरफ से आयोजित सांस्कृतिक उत्सव 'प्रवासी परिचय' का तीसरा संस्करण मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम रियाद में भारतीय दूतावास की पहल है, जिसे वर्ष 2023 में पहली बार भारतीय प्रवासी संगठनों के सहयोग से शुरू किया गया था।

**म्यूजिकल नाइट से हुई कार्यक्रम की शुरूआत**

इस सात दिवसीय आयोजन में भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला का रंगारंग प्रदर्शन किया जा रहा है। भारतीय दूतावास के सभागार में हो रहे इस उत्सव की शुरूआत 28 अक्तूबर को बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट से हुई, जिसमें प्रवासी भारतीय कलाकारों ने हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। इसके अगले दिन, 29 अक्तूबर को सूफियाना कव्वाली नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें सूफी संगीत की आत्मीयता और भारतीय



संगीत परंपरा की झलक देखने को मिली।

**कार्यक्रम में पहुंच रही भारतीय प्रवासियों की भीड़**

इस वर्ष प्रवासी समुदाय की बढ़ती रुचि को देखते हुए, भारतीय राज्यों को समर्पित 'स्टेट डेज' की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी गई है। ये कार्यक्रम 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक चलेंगे, जिनमें कई भारतीय राज्यों की लोकनृत्य, संगीत, हस्तशिल्प और व्यंजनों की झलक पेश की जाएगी।

**'गीता महोत्सव' से सांस्कृतिक उत्सव का समापन:** इस उत्सव का समापन 3 नवम्बर को 'गीता महोत्सव' से होगा। इस अवसर पर महाभारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक संगीतमय नाट्य प्रस्तुति होगी, जो भगवद गीता के शाश्वत संदेश को आधुनिक जीवन से जोड़कर पेश करेगी।

**भारतीय समुदाय को मंच देना कार्यक्रम का उद्देश्य**

इस कार्यक्रम को लेकर भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रवासी परिचय का उद्देश्य भारतीय समुदाय को एक मंच देना है, जहां वे अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं को साझा कर सकें और भारत-सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बना सकें।

# समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के आवास पर हुआ श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के यहां शुभ महोत्सव होने वाला है। पुत्र तुषार गुप्ता के विवाह की तैयारी शुरू हो गई है और सबसे पहले समरकूल गुप्ता परिवार ने प्रभु श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। राजनगर स्थित आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संजीव गुप्ता और राजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और उन्होंने तुषार गुप्ता को आशीर्वाद प्रदान किया।